आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

www.hukmnamasamachar.com
www.Lokvarta.net

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 238 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
जयपुर, रविवार, 31 मई, 2026



## 60 से 80 की स्पीड से चली हवा, दिन में छाया अंधेरा

# प्रदेश के कई जिलों में 'रेतीला तूफान'



## जयपुर में ओले गिरे

## अजमेर-जोधपुर में बारिश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नौतपा की भीषण तपिश के बीच शनिवार को राजस्थान के मौसम ने अचानक ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि कई जिलों में दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। पाकिस्तान सीमा क्षेत्र से उठे रेतीले तूफान ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू और सीकर जिलों को अपनी चपेट में ले लिया। 60 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी के साथ उठे धूल के विशाल गुबार ने करीब 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को प्रभावित किया। सबसे पहले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर क्षेत्र में रेतीले तूफान का असर दिखाई दिया, जिसके बाद यह तेजी से बीकानेर, चूरू और सीकर तक फैल गया। तूफान इतना तेज था कि दिन के उजाले में भी वाहनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता बेहद कम हो गई और लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा।

**दिन में रात जैसा नजारा** बीकानेर में दोपहर के समय ऐसा दृश्य देखने को मिला मानो रात हो गई हो। आसमान धूल के घने गुबार से ढक गया और कई मिनटों तक सूर्य दिखाई नहीं दिया। चूरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र में तेज आंधी के कारण घरों के भीतर तक रेत भर गई।

**पेड़ उखड़े, बिजली व्यवस्था प्रभावित** तूफान के प्रभाव से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। अनेक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। राहत की बात यह रही कि समाचार लिखे जाने तक किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली थी।

**अजमेर और जोधपुर में भी बदला मौसम** अजमेर संभाग में बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश के कारण मौसम सुहाना बना रहा। वहीं जोधपुर संभाग में भी तेज हवाओं और बादलों के कारण गर्मी का असर कम हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में इन क्षेत्रों में भी आंधी और बारिश की संभावना जताई है।

### अगले कुछ दिन सक्रिय रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

### मानसून को लेकर भी राहत भरी खबर

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले सात दिनों के भीतर केरल तट पर पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना भी जताई है। जून से सितंबर के बीच देश में औसतन 78 सेंटीमीटर वर्षा होने का अनुमान है, जबकि सामान्य औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है।

### देश के अन्य राज्यों में भी मौसम का असर

हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में आंधी, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाल में अभिषेक बनर्जी से मारपीट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे।आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया।

### पंजाब कांग्रेस की बैठक में तीखी नोक झोंक

**नई दिल्ली।** पंजाब नगर निकाय चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इससे राज्य इकाई के भीतर के मतभेद खुलकर सामने आ गए, क्योंकि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे के आवास पर आयोजित इस उच्च स्तरीय रणनीति बैठक में राहुल गांधी, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पंजाब के प्रमुख नेता उपस्थित थे। पार्टी के नगर निगम चुनाव प्रदर्शन पर चर्चा जल्द ही विवादों में घिर गई।

## भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार-आर्मी चीफ



**पुणे/दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें। आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। उन्होंने 355 कैडेट अफसरों की परेड की सलामी ली। इस दौरान कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। एयरफोर्स के फ्लाईपास्ट में सुखोई, चेतक हेलिकॉप्टर, सारंग हेलिकॉप्टर एरोबेटिक्स टीम और आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम ने हिस्सा लिया।

**सेना प्रमुख के नए अफसरों को मैसेज** आधुनिक युद्ध पारदर्शी हो गया है। 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऐसे में सैनिकों की तैनाती, ऑपरेशन और बॉर्डर के पास बसे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। जीत हमेशा दिमाग में होती है।

## दिल्ली में आईएसआई-दाऊद नेटवर्क से जुड़े 9 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ड्डस्ढ और दाऊद इब्राहिम के अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक मिले हैं। पुलिस ने बताया कि ये लोग बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। इनके निशाने पर दिल्ली, मुंबई के प्रमुख धार्मिक स्थल, सरकारी इमारतें, मंत्रालय और सुरक्षाबल थे। जांच के मुताबिक यह आतंकी मॉड्यूल लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से भी संपर्क में थे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि आरोपी दिल्ली, मुंबई और पंजाब के हैं।

## पारदर्शिता चुनाव आयोग की पहचान : ज्ञानेश कुमार



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि कुछ लोगों द्वारा नकारात्मक या झूठी बातें फैलाए जाने के बावजूद पारदर्शिता चुनाव आयोग की पहचान है। हर मतगणना अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चुनाव नतीजों की पारदर्शिता को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है और कई देश भारत के चुनावी कानूनों को अपना रहे हैं।

उक्त बातें उन्होंने चुनाव अधिकारियों की एक कॉन्फ्रेंस में कहीं. साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में चुनाव संविधान, चुनावी कानूनों और चुनाव आयोग के पारदर्शी आदेशों के मुताबिक ही संपन्न होते हैं. लोकसभा चुनावों के दौरान आयोग 1.8 करोड़ लोगों को तैनात करता है, जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं।

# जन भागीदारी से जन आंदोलन बना 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026'

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर प्रदेशवासियों ने निभाई सक्रिय सहभागिता




### 5 दिन में हुए 7.31 लाख कार्यक्रम लगभग 3 करोड़ लोगों ने निभाई भागीदारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान–2026' जन आंदोलन का स्वरूप लेता जा रहा है। अधिकमास में गंगा दशमी (25 मई) के पावन अवसर पर शुरू हुए प्रदेशव्यापी अभियान के 5 दिन में ही लगभग 3 करोड़ नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी दर्शाई। अब तक 7.31 लाख से अधिक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने टोंक के बीसलपुर बांध, भरतपुर के बंध बरेठा बांध और सुजान गंगा पर जल–पूजन व दीपदान कर अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद से अभियान गांव–गांव तक पहुंच गया है। शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन कुओं, बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई, श्रमदान, वर्षा जल संग्रहण, जल चौपाल, प्रभात फेरी, कलश यात्रा आदि कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं।

### 'आधी आबादी' की बराबर की भागीदारी

अभियान में 29 मई तक 7 लाख 31 हजार 421 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 92 हजार 150 जल स्रोतों और 42 हजार 15 सरकारी भवनों की सफाई, 52 हजार 934 स्थानों पर श्रमदान एवं हरियालो राजस्थान अभियान में पौधारोपण के लिए 36 हजार 822 पिट खोदना शामिल है। वहीं, 8 हजार 642 नवीन विकास कार्य प्रारंभ करने के अलावा 21 हजार 410 पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं लोकार्पण किया जा चुका है। इसके अलावा 32 हजार 437 कलश यात्राएं, 13 हजार 886 जल चौपाल एवं प्रभात फेरी, 12 हजार 669 ग्राम सभाएं तथा 4 हजार 215 बैठक एवं सेमीनार आयोजित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार 4 लाख 13 हजार 910 स्थानों पर पूजन, नुक्कड़ नाटक एवं प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### जल सेवा के साथ मनाया जाएगा नो प्लास्टिक डे

**अभियान के तहत 31 मई को वंदे गंगा प्रभात फेरी, वंदे गंगा रैली, साइकिल रैली, श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा, जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशु खेलियों, बावड़ियों की साफ-सफाई, परिंडे बांधना, जल स्रोतों की सफाई-मरम्मत के कार्य व दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करते हुए नो प्लास्टिक-डे मनाया जाएगा।**

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

नौतपा से सहमें थे सब, तापमान में थी तेजी
घर में सब दुबके हुए थे, हो रखे थे सब लेजी
मौसम ने पलटी खाई, ओला बारिश का खेल
नौतपा की गर्मी बदली, देखो कैसे सिस्टम फेल

..मुखिया जी

## ट्रम्प की बेटी टिफनी ने पति के साथ ताजमहल देखा



### नक्काशी देखकर चौंकीं, पूछा- इतना सुंदर मार्बल कहां से आया

**आगरा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी अपने पति माइकल बॉऊलोस के साथ शनिवार को आगरा पहुंचीं। दोनों ने करीब एक घंटे ताजमहल परिसर में बिताए। ताजमहल की खूबसूरती देखकर टिफनी काफी खुश नजर आईं। उन्होंने गाइड रमेश दीवान से पूछा– ताजमहल में जो मार्बल लगे हैं, वां कहां से लाए गए। इसकी इतनी सुंदर नक्काशी कैसे की गई। रमेश ने जवाब दिया कि संगमरमर कहीं से लाए नहीं गए। ये भारत के ही हैं। नक्काशी में प्रयोग हुए स्टोन के बारे में बताया कि स्टोन भारत के अलावा अफ्रीका, यमन जैसे देशों से मंगाए गए थे। टिफनी और माइकल डायना बेंच के पास पहुंचे। एक–दूसरे का हाथ थामकर तस्वीरें खिंचवाईं। दोनों ने अलग–अलग पोज में फोटोज क्लिक करवाईं। उन्होंने अपने स्टाफ के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।



### डोनाल्ड ट्रंप की बेटी आज जैसलमेर आएंगी

**जैसलमेर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की छोटी बेटी टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बोलस के साथ रविवार को राजस्थान के जैसलमेर पहुंचेंगी। यह शाही जोड़ा चार्टर प्लेन से सीधे जैसलमेर पहुंचेगा। उनके इस हाई–प्रोफाइल और निजी दौरे को देखते हुए पर्यटन नगरी में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## केंद्र सरकार ने 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्क किए माफ



**नई दिल्ली।** मौजूदा भू–राजनीतिक तनावों के बीच सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्कों में अस्थायी छूट दी जाएगी। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, इस अस्थायी शुल्क छूट से वस्त्र और परिधान क्षेत्र की उत्पादन लागत कम होने की उम्मीद है। इससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं दोनों को राहत मिलेगी, साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा। सरकार का मानना है कि इस कदम का घरेलू वस्त्र उद्योग, विशेषकर लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बाजार में कपास की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के कपास क्षेत्र में उत्पादन संबंधी बाधाओं, धीमी वृद्धि और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों को दूर करने के लिए 'कपास उत्पादकता मिशन' (2026–27 से 2030–31) के लिए 5,659.22 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी थी।

**एडवाइजरी के बावजूद गुर्जर समाज का बड़ा फैसला, शहीद स्मारक पर कर्नल बैसला समेत तीन मूर्तियों का अनावरण**

# कुशालीपुरा में तीन दिवसीय देवनारायण राष्ट्रीय महोत्सव का समापन, हजारों लोगों की मौजूदगी में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के कुशालीपुरा तिराहे पर आयोजित तीन दिवसीय देवनारायण राष्ट्रीय महोत्सव एवं शहीद दिवस समारोह का शनिवार को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता के माहौल में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर गुर्जर समाज ने प्रशासन की पूर्व एडवाइजरी के बावजूद गुर्जर आरक्षण आंदोलन के प्रमुख नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला तथा आंदोलन के शहीद कन्हैयालाल गुर्जर और राधेश्याम गुर्जर की मूर्तियों का शहीद स्मारक स्थल पर विधिवत अनावरण किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने पूर्व में एडवाइजरी जारी कर स्मारक स्थल पर मूर्तियों की स्थापना एवं किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य नहीं करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद गुर्जर समाज ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन जारी रखा और कुशालीपुरा स्थित शहीद स्मारक पर तीनों मूर्तियों की स्थापना कर उनका लोकार्पण किया।

तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में राजस्थान के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। समापन समारोह में मूर्ति अनावरण के बाद शहीदों के परिजनों की उपस्थिति में हवन-पूजन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व गुर्जर आरक्षण



आंदोलन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बैसला ने किया। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज वर्षों से अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्षरत है तथा आंदोलन में शहीद हुए लोगों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने समाज से संगठित रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। विजय बैसला ने यह भी कहा कि आरक्षण आंदोलन के दौरान शहीद हुए लोगों का अंतिम संस्कार प्रशासन की देखरेख में हुआ था तथा जिस शहीद स्मारक स्थल पर आज मूर्तियों का अनावरण किया गया, उसका निर्माण भी प्रशासन द्वारा ही कराया गया था।

समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर सहित कई सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सैकड़ों लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष और बलिदान को नमन किया। प्रशासनिक एडवाइजरी के बावजूद मूर्तियों की स्थापना और अनावरण को लेकर यह आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि कार्यक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासन ने किसी प्रकार का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं किया और पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित विशेष अभियान एवं उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सपन्न

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सभी विभागीय फील्ड कार्मिकों व प्रत्येक सेक्टर में चिन्हित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उत्कृष्ट कार्यकर्ता रूप में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस सम्बंध में विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि उपनिदेशक कार्यालय स्थित स्किल लैब में प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्रथम दिवस में सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक, महिला अधिकारिता के सुपरवाइजर, पोषण अभियान के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया तथा दूसरे दिवस में चिन्हित 72 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया।प्रशिक्षण सहयोगी संस्था यूनिसेफ से दक्ष प्रशिक्षक शिवराज सिंह चौहान, मनमोहन शर्मा व भगवान सहाय यादव द्वारा पोषण ट्रेकर में परिवार सर्वे, लाभार्थियों का पंजीकरण, बच्चों के वजन लम्बाई की सहीं एंट्री करना, अतिकुपोषित बच्चों का सही चिन्हीकरण, चिन्हीकरण पश्चात फॉलो अप, गृह भ्रमण, शाला पूर्व गतिविधियां, बच्चों की उपस्थिति, नाश्ता व गर्म पूरक पोषाहार की पोर्टल पर सही एंट्री, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत के डेटा वैलिडेशन, टीएचआर का एफआरएस के माध्यम से वितरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षित महिला पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सेक्टर बैठक के दौरान शेष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## नालों की सफाई नहीं करवाई, ओवरफ्लो होने से कॉलोनियों में जलभराव हो रहा

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में प्री-मानसून की पहली बारिश ने ही नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जगह-जगह नालों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल गया, इससे आमजन को आवाजाही व बदबू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर जलभराव व कीचड़ की स्थिति बनी रही।

नगर परिषद के सामने व कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य मंडी गेट के सामने भी नाला ओवरफ्लो होने से गंदा पानी जमा हो गया। अंबेडकर सर्किल के पास सड़क पर गंदा पानी फैलने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। इसी प्रकार मातोर रोड स्थित यूको बैंक के पास, सैनी मोहल्ले, श्याम नगर और आनंद नगर कॉलोनी में भी कई स्थानों पर



नालों का पानी सड़कों पर फैल गया। बारिश के बाद शहर में फैली गंदगी और जलभराव को लेकर लोगों ने नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून से पहले नालों की समय पर सफाई नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी है। इधर नगर परिषद प्रशासन ने दावा किया है कि 18 मई से नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब 4 किलोमीटर नालों की सफाई कर 4000 टन कचरा उठाया जा चुका है। नालों की सफाई के लिए 20 लाख रुपए का टेंडर त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज अलवर को दिया गया है और एजेंसी लगातार कार्य कर रही है। 10 जून तक शहर के सभी नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी।

## एक साथ दो शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार, मानव सेवा की मिसाल बना 'सेवा परमो धर्मः' ग्रुप



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मानवता और सेवा भाव का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सेवा परमो धर्मः ग्रुप द्वारा शुक्रवार दोपहर खैरदा मोक्षधाम में दो दिवंगत व्यक्तियों के शवों का एक साथ विधि-विधान एवं सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया गया। ग्रुप से जुड़े अवधेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जीआरपी पुलिस को रेलवे स्टेशन परिसर से दो शव बरामद हुए थे, जिनमें से एक मृतक की पहचान झालावाड़ निवासी पृथ्वीराज राव के रूप में हुई। वहीं दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी। अज्ञात मृतक को समाजसेवी महेश गुप्ता ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी तथा अंतिम संस्कार से संबंधित समस्त व्यय स्वयं वहन किया। वहीं दूसरे मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए थे, किंतु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ग्रुप के सदस्यों ने सहयोग करते हुए अंतिम संस्कार की व्यवस्था सुनिश्चित की। इस मानवीय कार्य में ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल सिंघल, बाबूलाल बैरवा एवं मंगल सिंह नरूका का विशेष योगदान रहा। साथ ही जीआरपी थाना के एएसआई ओमप्रकाश, मार्शल सुरेंद्र, कांस्टेबल धर्माराम तथा मृतक के परिजन भी उपस्थित रहे। सेवा परमो धर्मः ग्रुप द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। यह पहल समाज में मानवीय संवेदनाओं, सेवा और परोपकार की भावना को सशक्त करने वाली प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभरी है।

## वन्दे गंगा अभियान के तहत ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आ रहा व्यापक बदलाव

***राजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं डीग की रीना कुमारी सैनी***

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 ग्रामीण विकास और स्वावलंबन का सशक्त माध्यम बन रहा है। इस महाभियान के अंतर्गत जहां एक ओर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी अभूतपूर्व कदम उठाए जा रहे हैं। इसी सकारात्मक पहल के फलस्वरूप ग्रामीण महिलाएं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद से जुड़कर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरक और सफल कहानी डीग जिले के बहताना की निवासी रीना कुमारी सैनी की है। वन्दे गंगा अभियान के तहत ग्रामीण सशक्तीकरण की मुहिम से प्रेरित होकर किरण ने स्वयं को राजीविका से जोड़ा और आज वे ग्रामीण अंचल में वित्तीय साक्षरता की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुकी हैं। रीना ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपने गांव के ओम



शांति राजीविका स्वयं सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य हैं और इसमें बीके के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। रीना ने बताया कि बैंक सखी के पद पर कार्य करते हुए उन्हें हर स्तर पर सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आर्थिक रूप से पूर्णतः आत्मनिर्भर हो गई हैं। अपनी इस उल्लेखनीय सफलता, आर्थिक सुदृढ़ीकरण और आजीविका के नए एवं सम्मानजनक अवसर प्रदान करने के लिए उन्होंने राजस्थान सरकार और राजीविका का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल चौपाल आयोजित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत शुक्रवार को ब्लॉक बाड़ी की ग्राम पंचायत रुधेरा, ब्लॉक धौलपुर की ग्राम पंचायत दुलारा, ब्लॉक बसेड़ी की ग्राम पंचायत खनपुरा तथा ब्लॉक सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरेट में जल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थनीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जल चौपाल के दौरान ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपस्थित जनसमूह को जल संकट की चुनौतियों से अवगत कराते हुए जल की प्रत्येक बूंद के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही घरों, खेतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जल के समुचित उपयोग तथा वर्षा जल संग्रहण के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सार्वजनिक स्थलों तथा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने, जल स्त्रोतों की नियमित देखभाल करने तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा जल संचयन एवं स्वच्छता गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित जनसमूह ने जल की प्रत्येक बूंद को बचाने और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने का संदेश देते हुए अभियान की सफलता में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**वंदे गंगाः जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत चूरू के बूंटिया में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

# बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य में जल संरक्षण कार्य प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी :सहारण

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे वंदे गंगाः जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत शनिवार को चूरू के बूंटिया में राउमावि में कार्यक्रम जल पूजन व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, एसडीएम धीरज झाझड़िया, अभिषेक चोटिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने शिरकत की और ग्रामीणों को जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य में जल संरक्षण कार्य प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही प्रदेश सरकार के जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य मिल पाएगा। उपखंड अधिकारी धीरज झाझड़िया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा वंदे गंगा अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रेरणा दी।



## एक नजर

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ :डॉ निहाल सिंह

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शनिवार दिनांक 30 मई को बूज गांव में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमी लालाराम सैनी ने बताया की आज हिंदी पत्रकारिता 200 साल की हो गई है। वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमी लालाराम सैनी, डॉ निहाल सिंह, भाजपा नेता ओमप्रकाश जासडावत, समाजसेवी रामप्रकाश सुसावत, पंचायत समिति सदस्य शांति देवी सैनी बूज, रामजीलाल सैनी उर्फ भगत चाय वाला बूज, सुरेश कुमार सुसावत एवं लोकेश कुमार सैनी ने पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर डॉ निहाल सिंह ने बताया की वर्तमान में बदलते परिदृश्य में हिंदी पत्रकारिता का महत्व बढ गया। आज के समय में सरकार एवं प्रशासन की सच्चाई पत्रकारिता के माध्यम से ही जनता के सामने आ पाती है। लालाराम सैनी ने बताया की हालांकि आज के युग में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्व बढ गया है। लेकिन हिंदी पत्रकारिता का महत्व अभी भी बरकरार है।



### एसपी विकास सांगवान को उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए तीसरी बार मिलेगा डीजीपी डिस्क अवार्ड

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास सांगवान को डीजीपी डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं और जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिया जा रहा है। यह उनके सेवाकाल में तीसरी बार होगा, जब उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलेगा। एसपी सांगवान को इससे पहले भी दो बार महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर और पुलिस अधीक्षक जैसलमेर के पदों पर रहते हुए ये अवार्ड प्राप्त किए थे। धौलपुर में उनके नेतृत्व में पुलिस ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण और जनविश्वास बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अपनी बेहतरीन पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी प्रशासनिक क्षमता के कारण विकास सांगवान ने जिले में एक सख्त और संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में धौलपुर पुलिस ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस उपलब्धि पर जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने खुशी व्यक्त करते हुए एसपी विकास सांगवान को बधाई दी है।

### वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान अंतर्गत विशेष आरती एवं संगोष्ठी आयोजित

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को जिले के विभिन्न मंदिर व संस्कृत महाविद्यालय में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विशेष आरती व संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत जिले सादुलपुर स्थित सदाशिव महादेव मंदिर तथा तारानगर के श्रीलक्ष्मीनाथजी मंदिर में विशेष आरती एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर देवस्थान विभाग के प्रतिनिधि योगेंद्र शास्त्री के सान्निध्य में संस्कृत महाविद्यालय में जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जल के महत्व, वर्षा जल संचयन तथा जल संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनों को जल बचाने एवं भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विशेष आरती के माध्यम से प्रदेश एवं देश में समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण तथा जल संसाधनों की निरंतरता की कामना की। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी सहित अनेक श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई।



### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत साइकिल रैली व श्रमदान कार्यक्रम आज

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत रविवार, 31 मई को सवेरे 07 बजे जिला मुख्यालय पर जिला खेल स्टेडियम से साइकिल रैली निकाली जाएगी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार सवेरे 07.15 बजे श्रमदान व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।


**BOHRA INDUSTRIES LIMITED**
CIN : L24117811996PLC012912
Regd. Office : 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur -313001, Rajasthan
**Statement of Standalone audited Financial Results for the Quarter and Year ended**
(₹ In lakhs, except per share data)

| Sl No. | Particulars | Quarter ended on 31-Mar-26 Audited | 31-Dec-25 Unaudited | 31-Mar-25 Audited | Year Ended 31-Mar-26 Audited | Year Ended 31-Mar-25 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | Revenue from Operations | - | - | - | - | - |
| II | Other income | 0.18 | - | - | 0.20 | - |
| III | Total Income (I+II) | 0.18 | - | - | 0.20 | - |
| IV | Expenses | | | | | |
| a | Cost of materials consumed | - | - | - | - | - |
| b | Purchases of Stock-in-Trade | - | - | - | - | - |
| c | Changes in inventories of finished goods, Stock-in-Trade and work-in-progress | - | - | - | - | - |
| d | Employee benefits expense | 5.44 | 5.55 | 6.04 | 23.01 | 23.01 |
| e | Finance costs | 0.06 | 0.00 | 0.01 | 0.09 | 0.01 |
| f | Depreciation and amortization expense | 33.02 | 33.14 | 33.68 | 132.43 | 134.73 |
| g | Other expenses | 86.55 | 21.61 | 181.22 | 163.15 | 233.15 |
| | Total expenses | 125.07 | 60.31 | 220.95 | 318.69 | 390.90 |
| V | Profit/(loss) before exceptional items and tax (III-IV) | (124.89) | (60.31) | (220.95) | (318.49) | (390.90) |
| VI | Exceptional items | - | - | - | - | - |
| VII | Profit/(loss) before tax (V-VI) | (124.89) | (60.31) | (220.95) | (318.49) | (390.90) |
| VIII | Tax expense | (21.46) | - | (22.57) | (21.46) | (22.57) |
| IX | Profit/(loss) for the period (VII-VIII) | (103.43) | (60.31) | (198.38) | (297.03) | (368.33) |
| X | Other Comprehensive Income | | | | | |
| | (i) Items that will not be reclassified to profit or loss | - | - | - | - | - |
| | (ii) Income tax relating to items that will not be reclassified to | - | - | - | - | - |
| XI | Total Comprehensive Income for the period | (103.43) | (60.31) | (198.38) | (297.03) | (368.33) |
| XII | Paid up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- | 2,117.22 | 2,117.22 | 1,429.72 | 2,117.22 | 1,429.72 |
| XIII | Reserves (excluding revaluation reserve as shown in the balance sheet of the previous year) - Other equity | | | | | |
| XIV | Earnings Per Share (₹ 10/- each) (not annualised) | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | (0.49) | (0.28) | (1.39) | (1.40) | (2.58) |
| | (2) Diluted (₹) | (0.49) | (0.28) | (1.39) | (1.40) | (2.58) |

Notes
1. The above unaudited financial result for the quarter and year ended 31st March, 2026 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board Of directors at their meeting held on 29-05-2026.
2. Previous Year and Quarter figures have been regrouped or re - classified whenever necessary.
3. The figures for the quarter ended 31st March, 2026 and 31st March, 2025 as reported in the financial results, are the balancing figures between the audited financial result for the full financial year and the unaudited published financial result for the nine month ended 31st December, 2025 and 31st December, 2024 respectively.
4. The company operates under one segment only and therefore reporting under AS-17 (segment reporting) is not applicable.

Place : Udaipur
Date : 29.05.2026

For Bohra Industries Limited
Sd/- ATUL DAVE
MANAGING DIRECTOR (DIN: 09696561)

जयपुर जोधपुर अजमेर से प्रकाशित

# हुक्मनामा

## समाचार

राज्य स्तरीय दैनिक

से जुड़ने के लिए आज ही संपर्क करें

0141:2220403 | 8824399949 | 9828011251

**Website: www.hukmnamasamachar.com**

सिरसी रोड पर सीएनजी गैस से भरा ट्रेलर पलटा

# गैस रिसाव से गांव में दहशत मच गई; तीन दमकलें मौके पर बुलाई; लीकेज रोका

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बिंदायका थाना क्षेत्र के सिरसी रोड स्थित निमेड़ा गांव में आज सुबह 5 बजे टोरेंट सीएनजी गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रेलर पलट गया। हादसे के बाद ट्रेलर में लदे गैस सिलेंडरों से रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई और गैस रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर तेज गति में था और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गया। जिससे ट्रेलर पलट गया। हादसे के बाद कुछ सिलेंडरों से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। थाना प्रभारी विनोद वर्मा ने बताया कि सीएनजी गैस से भरा ट्रेलर बिंदायका पंप से भाकरोटा जा रहा था। अल सुबह होने के कारण ड्राइवर को झपकी आने के कारण पोल से टकराकर पलट गया। ड्राइवर को चोट आई है। उसे इलाज के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने अन्य टीमों के साथ राहत बचाव कार्य शुरू किया। ट्रेलर पलटने से यहां कुछ सिलेंडर से गैस रिसाव शुरू हो गया था। करीब 10 से ज्यादा सिलेंडरों से गैस रिसाव हो रहा था। मौके पर पहुंची टीमों ने गैस सिलेंडरों को आबादी एरिया से दूर करके रेस्क्यू किया। हादसे में गैस रिसाव हुआ लेकिन किसी तरह की आग नहीं लगी। **गैस का लीकेज रोका गया** सूचना मिलने पर बिंदायका फायर स्टेशन से तीन दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और सुरक्षा उपायों के साथ गैस लीकेज को रोकने का अभियान शुरू किया गया। वहीं टोरेंट गैस कंपनी के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और तकनीकी टीम की सहायता से लीकेज रोका गया। **आसपास लोगों की आवाजाही रोकी** घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम डॉ. खुशबू शर्मा और बिंदायका थाना प्रभारी विनोद कुमार भी मौके पर पहुंचे और राहत एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र में लोगों की आवाजाही सीमित की गई। **बिंदायका इलाके में चौथी घटना** स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक ड्राइवर की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। बिंदायका क्षेत्र में गैस रिसाव से जुड़ा यह चौथा मामला बताया जा रहा है।

एसएमएस हॉस्पिटल में छज्जा गिरने से युवक की मौत

## 1 घायल को इलाज के बाद डिस्चार्ज किया खाना खाकर छाया में सो रहे थे दोनों

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के सबसे बड़े सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में छज्जा गिरने से 1 युवक की मौत हो गई। 1 व्यक्ति घायल हो गया, जिसे ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया। हादसा शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि चरक भवन के पास बने डॉक्टर्स सेमिनार हॉल की बिल्डिंग का कुछ हिस्सा जर्जर हो चुका है, जिसके चलते इसके उपयोग को सीमित कर दिया गया था। शनिवार को जब छज्जे का हिस्सा गिरा तो बाहर 2 व्यक्ति सो रहे थे, जिनके ऊपर मलबा गिर गया। मलबे में दबने से दोनों व्यक्ति घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। मृतक का नाम सागर (40) निवासी केकड़ी बताया जा रहा है। **खाना खाकर सो रहे थे दोनों** हॉस्पिटल में तैनात सुरक्षा गार्डों ने बताया- ये दोनों व्यक्ति खाना खाने के बाद इस बिल्डिंग के पास सो गए थे। इसी दौरान



बिल्डिंग के छज्जे का मलबा इन पर गिर गया। **भंडारे में खाना खाकर आए थे** घायल बाबूलाल ने बताया- हॉस्पिटल के पास भंडारा लग रहा था, वहां पर मैंने और सागर ने खाना खाया। फिर बिल्डिंग की नीचे छाया में आकर सो गए थे। तभी अचानक जोर से हम पर पत्थर और मलबा गिरा। सागर के बहुत ज्यादा चोट आई थी।

रिफंड स्कीम का धोखा देकर पंड़ित से 36 लाख वसूल

## परिचित ने ही दोस्त की कंपनी बताकर फंसाया; फ्लैट देने का दिया था झांसा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में रिफंड स्कीम की जालसाजी में पंड़ित के 36 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। पंड़ित के जानकार ने ही कंपनी में इन्वेस्ट करने पर 19 महीने में पूरी रकम वापस होने के साथ ही फ्री में फ्लैट और मालिक बनने का झांसा दिया था। नाहरगढ़ थाने में पंड़ित ने स्नङ्कक्रदर्ज करवाई है। **रिफंड स्कीम में प्रॉफिट का झांसा देकर फंसाया** हेड कॉन्स्टेबल गोपाल लाल ने बताया कि नाहरगढ़ रोड पुरानी बस्ती निवासी अमरीश शर्मा (37) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि वह पेशे से पंड़ित है। उसके घर से कुछ ही दूरी पर अवधेश उदयवाल रहता है। उसने फाइनेंस में एमबीए किया है और दुबई रह चुका है। वह प्रॉफिट दिलाने के नाम पर लोगों के पैसे इन्वेस्ट करवाता है। आरोप है कि नवंबर 2024 में आरोपी अवधेश ने उसे रिफंड स्कीम के बारे में बताया। उसे कहा कि जगतपुरा में एक प्रोजेक्ट पर इन्वेस्टमेंट स्कीम चल रही है, जिसमें इन्वेस्ट करने पर 19 महीने में पूरा पैसा रिफंड हो जाता है। फ्लैट पर इन्वेस्ट पैसा भी वापस आ जाता है। **दोस्त की कंपनी बताकर विश्वास में लिया** आरोपी ने दोस्त की कंपनी बताकर उसे विश्वास में लिया। उसने कहा कि आपको जहां-जहां बताऊं, वहां पैसा देना है। कंपनी शुरुआती 6 महीने में निवेश रकम का 10 प्रतिशत, 7 महीने से 15 महीने तक 20 प्रतिशत, उसके बाद 15 से 18 महीने तक 25 प्रतिशत और शेष बकाया पूरा पेमेंट 19वें महीने में कर देगी। इन्वेस्ट करने वाले फ्लैट की कीमत 35 लाख रुपए बताए।

सोने-चांदी की चमक पड़ी फीकी

## 5 माह में सोने से 17.9% और चांदी से 15.1 प्रतिशत ही कमाई, 2025 में 73.94% व 167.53 फीसदी रिटर्न था

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पछले साल खरीदारों को मालामाल करने वाले सोने-चांदी की चमक फीकी पड़ गई है। वर्ष 2025 में सोना 73.94% और चांदी 167.53% महंगी हुई थी। इस साल पहले पांच माह में सोने से मात्र 17.91 और चांदी से 14.58% ही रिटर्न मिला। 29 जनवरी के मौजूदा स्तर से सोना 12.5 और चांदी 32 फीसदी नीचे बिक रहे हैं। तब सोना 1.84 लाख रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 4 लाख रुपए प्रति किलो थी। अभी सोना 1.61 लाख रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 2.71 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है। इस साल 23 मार्च को तो चांदी के भाव घटकर 2,11,500 रुपए प्रति किलो तक रह गए थे। यानी रिकॉर्ड स्तर से करीब 47 फीसदी सस्ती हो गई थी। इसी दिन सोना भी उच्चतम स्तर से 24.7 फीसदी गिरकर 1,38,500 रुपए प्रति दस ग्राम बिका था। फरवरी से अब तक देखें तो 28 फरवरी को सोना 1.72 लाख रुपए प्रति दस ग्राम, जबकि 2 मार्च को चांदी 2.98 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के अधिकतम भाव पर बिकी है। काबिलेगौर है कि 31 दिसंबर, 2024 को सोना 78,300 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 88,400 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इसके बाद वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर में कमजोरी और सुरक्षित निवेश की मांग से 31 दिसंबर 2025 तक सोना बढ़कर 1,36,200 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 2,36,500 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी। आगे क्या... अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति, डॉलर इंडेक्स और वैश्विक भू-राजनीतिक हालात आने वाले महीनों में सोने-चांदी की दिशा तय करेंगे। यदि अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती या वैश्विक तनाव बढ़ता है तो निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने-चांदी




की खरीद तेज कर सकते हैं। वहीं, शेयर बाजार में मजबूती और डॉलर में तेजी आने पर इनकी कीमत घटने की संभावना है।

## न्यूज विंडो

01 से 07 जून तक मनाया जाएगा 'स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह'

### पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति आमजन को किया जाएगा जागरूक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आगामी 01 जून से 07 जून तक जिले में 'स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह' आयोजित किया जाएगा। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आमजन को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि प्रतिवर्ष दिनांक 02 जून को 'हीट एक्शन डे' एवं 05 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है ताकि मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाले गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसी कड़ी में इस वर्ष आगामी 01 जून से 07 जून तक जिले में 'स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह' आयोजित किया जाएगा। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आमजन को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों, शहरी स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि 'स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे शीतलन व्यवस्था, ओआरएस, आवश्यक दवाएं और आपातकालीन प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही ताप-संबंधी बीमारियों और मृत्यु निगरानी आंकड़ों की नियमित रिपोर्टिंग और समीक्षा की जाएगी। सीएचओ, एएनएम, आशा सहित समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्मी से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन के प्रति संवेदनशील किया जाएगा। जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान बनाया जाएगा।साथ ही वेबिनार, जागरूकता सत्र, स्कूल/सामुदायिक गतिविधियां और सोशल मीडिया अभियान आयोजित किया जाएगा।

### खड़ी-गाड़ियों को टक्कर मारने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर की बजाज नगर थाना पुलिस ने लापरवाही से थार गाड़ी चलाकर कई खड़े वाहनों को टक्कर मारने और मौके से फरार होने वाले आरोपी सोनू दायमा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त थार जीप भी बरामद कर जब्त कर ली है। डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि 22 मई की रात अर्जुन नगर फाटक के पास बरकत नगर क्षेत्र में खड़े वाहनों को टक्कर मारकर फरार होने की घटना सामने आई थी। आरोपी तेज रफ्तार से थार चलाते हुए आता है, ऐसे में सामने से पैदल आ रहे लोग इस बीच बाल-बाल बच जाते है। **पहले बाइक और फिर कार को टक्कर मारी** थार का ड्राइवर पहले दूसरे साइड कोने में खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए पास खड़ी कार को टक्कर मारता है। थार ड्राइवर ने जिस कार को सामने से टक्कर मारी थी उसमें महिला सहित अन्य लोग बैठे थे। अचानक सामने से लगी टक्कर से सब एक बार घबरा गए और कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हालांकि इसके तुरंत पर बाद गाड़ी को लेकर फरार हो जाता है। **सीसीटीवी फुटेज खंगाल की थार की पहचान** हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम ने घटना स्थल और आसपास की कॉलोनियों में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान दुर्घटना में प्रयुक्त थार जीप की पहचान की गई। इसके आधार पर वाहन चालक सोनू दायमा को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। **पुलिस ने थार गाड़ी को जब्त किया** पुलिस के अनुसार आरोपी सोनू दायमा (28) पुत्र गुरूदयाल दायमा गुर्जर, निवासी ग्राम मेहाडा थाना मेहाडा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं हाल किराएदार फ्लैट नंबर 114/19 गायत्री नगर पटेल नगर थाना मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त थार जीप नंबर आरजे 18 सीएस 4426 बरामद कर जब्त कर ली है।

पुलिस ने आठ साल के मासूम को परिवार से मिलाया

### आमागढ़ से घर छोड़कर निकला था बच्चा; डर के कारण मां के साथ जाने से भी किया इनकार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने एक 8 साल बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया। गुरुवार देर रात चित्रकूट पार्क सेक्टर-2 में अकेला बैठे मिले मासूम की पुलिस ने पूरी रात काउंसलिंग के बाद शुक्रवार को परिजनों के सुपुर्द किया। चित्रकूट पार्क सेक्टर-2 में अकेला बैठा था जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 12:30 बजे पुलिस को चित्रकूट पार्क सेक्टर-2 में एक बच्चा अकेले बैठे होने की सूचना मिली। सूचना पर जवाहर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को सुरक्षित थाने लेकर आई। पूछताछ में बच्चे ने खुद को आमागढ़ निवासी बताया, लेकिन यह भी कहा कि उसके माता-पिता नहीं हैं। बच्चा खुद को लावारिस बता रहा था। बच्चे की बातों में विरोधाभास नजर आने पर पुलिस ने अलग-अलग स्तर पर जांच शुरू की। थाना स्पेशल टीम के शंकर शर्मा ने बच्चे द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आमागढ़ क्षेत्र में लगातार खोजबीन की। कई घंटों की मेहनत के बाद शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को बच्चे के घर और उसकी मां का पता चल गया। **मां के साथ जाने को तैयार नहीं था बच्चा** इसके बाद थाना प्रभारी सरला टीम के साथ आमागढ़ पहुंचीं और परिजनों को थाने बुलाया गया। हालांकि मां के सामने आने पर भी बच्चा उसके साथ जाने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस ने धैर्यपूर्वक बच्चे से बातचीत और काउंसलिंग की तो सामने आया कि उसके घर में एक व्यक्ति अनाधिकृत रूप से रह रहा था, जिससे वह डरता था। इसी भय के कारण वह घर छोड़कर चला आया था।

लेनदेन के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

## लाठी-सरियों से हाथ-पैर तोड़े; सड़क पर गिराकर बेरहमी से मारपीट

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र में दुकान के नाम और पुराने कारोबारी विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। कैंपर गाड़ी में सवार बदमाशों ने पहले युवक की कार को टक्कर मारकर रोका और फिर उसे सड़क पर पटककर लाठी-सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक के हाथ-पैर टूट गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। **बदमाशों ने कार को टक्कर मारकर रोका** पुलिस के अनुसार हमले का शिकार राकेश पुत्र रतनलाल, निवासी केकड़ी (अजमेर) है। इस संबंध में उसके भाई भागचंद ने पत्रकार कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक 28 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे राकेश अपने एक साथी के साथ दुकान से निकल रहा था। इसी दौरान सामने से आई एक कैंपर गाड़ी में सवार बदमाशों ने उसकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से टकराकर रुक गई। **सड़क पर पटककर लाठी-सरियों से मारपीट** आरोप है कि कार रुकते ही तेजा और भीमा नाम के आरोपियों ने राकेश को वाहन से बाहर खींच लिया और सड़क पर पटककर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके हाथ-पैरों पर लगातार वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल राकेश को अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित पक्ष ने हमले के पीछे राजेश सांगवान और गिर्राज निठारवाल निवासी तुंगीपुरा-सुस्तीपुरा (डाबीच) का हाथ होने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। **सोने की खान दुकान के नाम को लेकर विवाद** जानकारी के अनुसार राकेश और आरोपी पहले साझेदारी में कारोबार करते थे। दिल्ली में 'सोने की खान एलएलपी' नाम से आर्टिफिशियल और सोने की परत चढ़े आभूषणों का व्यवसाय संचालित किया जाता था। आरोप है कि कारोबार में गड़बड़ियां सामने आने के बाद राकेश ने साझेदारी खत्म कर जयपुर में इस्कॉन मंदिर के पास 'सोने की खान प्रा. लि.' नाम से नया व्यवसाय शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने भी इसी नाम से मिलता-जुलता नाम रखकर केसर चौराहे के पास दुकान शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी लगातार राकेश पर दुकान का नाम बदलने का दबाव बना रहे थे और ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकियां भी दे रहे थे। **लेनदेन को लेकर भी चल रहा था विवाद** पीड़ित के अनुसार पिछले करीब एक वर्ष से दोनों पक्षों के बीच दुकान के लेनदेन और हिसाब-किताब को लेकर विवाद चल रहा था। हिसाब में गड़बड़ी सामने आने पर राकेश ने दोनों आरोपियों को कारोबार से अलग कर दिया था। इसके बाद से आरोपी लगातार उसे धमका रहे थे।

**संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी** पत्रकार कॉलोनी थानाधिकारी मदन कड़वासरा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लेनदेन को लेकर पुराना विवाद है। जानलेवा हमले के मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ कर तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

युवती के अश्लील फोटो शेयर करने वाला गिरफ्तार

## भारत-पाक बॉर्डर के पास से पकड़ा; वीडियो कॉल करने का बना रहा था दबाव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर वेस्ट पुलिस ने साइबर अपराध के एक गंभीर मामले में आरोपी को श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास से डिटेन किया है। आरोपी ने एआई तकनीक के जरिए युवती के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए, वहीं युवती पर वीडियो कॉल करने का दबाव बना रहा था। **परिचितों को भेजे अश्लील फोटो** डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि 17 मई को पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करती है और अपने और परिवार के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करती है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी तस्वीरें और नाम का दुरुपयोग कर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी ग्रुप बना लिए और उसकी फोटो को एडिट कर अश्लील तस्वीरें तैयार कर परिचितों को भेजना शुरू कर दिया। **वीडियो कॉल करने का दबाव बना रहा था** रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि आरोपी युवती और उसके परिवार के बारे में भद्दे कमेंट करता था, वीडियो कॉल करने का दबाव बनाता था और ब्लैकमेल भी कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और साइबर जांच के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध की पहचान निर्मल सिंह (25) पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी ओडकी थाना हिंदूमलकोट जिला श्रीगंगानगर के रूप में की। इसके बाद करधनी थाना पुलिस की टीम श्रीगंगानगर रवाना हुई। **8 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा** पुलिस टीम ने थाना हिंदूमलकोट के सहयोग से आरोपी की तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने करीब 7 से 8 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी निर्मल सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास से डिटेन किया। पूछताछ के बाद आरोपी को 27 मई को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घटना में काम लिया गया मोबाइल हैंडसेट भी बरामद कर जब्त किया है। आरोपी को ज्यूडिशल कस्टडी (जेल) में भेज दिया गया है।

## बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फंसाने वाली युवती का दोस्त गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर पुलिस ने हनीट्रैप में फंसाकर बिजनेसमैन को ब्लैकमेल करने वाली युवती के मददगार दोस्त को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक को दिल्ली से शुक्रवार रात को पकड़ा है। इनके गिरोह में और भी लोगों के शामिल होने की संभावना है। स्॥ह्र (महेश नगर) सुरेश यादव ने बताया कि मामले में दिल्ली के द्वारका में रहने वाले 30 साल के युवक को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले ब्लैकमेलर मास्टर माइंड युवती को जोधपुर से पकड़ा गया था। युवती ने पूछताछ के दौरान अपने साथी का नाम बताया था। युवक के अकाउंट में ही ब्लैकमेलिंग के पैसे डलवाए गए थे। पुलिस का मानना है कि गिरोह में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। **बिजनेसमैन को रेप केस में फंसाने की दी थी धमकी** सांगानेर निवासी 42 साल के बिजनेसमैन ने जुलाई 2025 में महेश नगर थाने में स्नङ्कक्र दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि साल 2017 में उनकी कंपनी से समर इंटर्न कर युवती ने जॉब शुरू की थी।

29 मामलों का वांछित बदमाश तिहाड़-जेल से जयपुर लाया गया

## सूने मकानों में करता था चोरी, जयपुर के 4 मामलों में वांछित, पूछताछ में जुटी पुलिस

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने बदमाश शाहरुख उर्फ शरीफ को गिरफ्तार किया है। शाहरुख पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लूट, डकैती, चोरी, हत्या और आर्म्स एक्ट में 29 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली की तिहाड़ जेल से प्रॉडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। जयपुर में आरोपी के खिलाफ चोरी और लूट के 4 केस दर्ज हैं। डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया- पीड़ित सज्जन अग्रवाल साल 2025 की 28 दिसंबर को परिवार सहित गांव में एक कार्यक्रम में गए थे। 1 जनवरी 2026 को घर लौटने पर मकान के मुख्य और अंदरूनी दरवाजों के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में नकदी और जेवरात चोरी होना सामने आया। मुरलीपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पहले दो आरोपियों फैजल और अलादीन खान को गिरफ्तार कर ज्यूडिशल कस्टडी (जेल) में भिजवा दिया था, जबकि मुख्य आरोपी शाहरुख उर्फ शरीफ फरार चल रहा था। **तिहाड़ जेल से जयपुर लाया गया शातिर बदमाश शाहरुख गिरफ्तार** डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि तलाश के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि शाहरुख उर्फ शरीफ दिल्ली के शाहीन बाग थाना क्षेत्र में दर्ज एक अन्य मामले में गिरफ्तार होकर तिहाड़ जेल में बंद है। इसके बाद मुरलीपुरा थाना पुलिस ने न्यायालय से प्रॉडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी को जयपुर लाकर पूछताछ की। जांच में आरोपी की संलिप्तता प्रमाणित होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में दर्ज चार नकबजनी के मामलों में वांछित था। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसकी पहचान की गई थी। आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर चोरी गए माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**29 मामलों में वांछित शाहरुख उर्फ शरीफ दिल्ली का रहने वाला** पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान शाहरुख उर्फ शरीफ (30 वर्ष) पुत्र मोहम्मद उमर, मूल निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) और वर्तमान निवासी पुराना मुस्तफाबाद, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शाहरुख उर्फ शरीफ के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में कुल




29 मामले दर्ज हैं। इनमें चोरी, लूट, डकैती, हत्या, आर्म्स एक्ट तथा अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। कई मामलों में न्यायालय में सुनवाई लंबित है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उससे जुड़े अन्य अपराधों एवं चोरी के माल की बरामदगी को लेकर अनुसंधान आगे बढ़ाया जा रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### मौत का कारोबार कब रुकेगा?



महाराष्ट्र के पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई 15 लोगों की मौत ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया है। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि भारत में बार-बार सामने आने वाली उस भयावह समस्या का नया अध्याय है जिसमें सस्ती और अवैध शराब गरीब तथा निम्न आय वर्ग के लोगों की जान ले लेती है। जहरीली शराब का खतरा नया नहीं है। भारत के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। अवैध शराब बनाने वाले लोग अधिक मुनाफे के लालच में मिथाइल अल्कोहल जैसे जहरीले रसायनों का उपयोग करते हैं।

यह पदार्थ मानव शरीर के लिए अत्यंत घातक होता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी जा सकती है, गुर्दे और यकृत प्रभावित हो सकते हैं तथा कुछ ही घंटों में व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। इसके बावजूद अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है सस्ती शराब की मांग, प्रशासनिक निगरानी की कमी और अपराधियों का संगठित नेटवर्क। गरीब और मेहनतकश वर्ग अक्सर कम कीमत के कारण ऐसी शराब की ओर आकर्षित हो जाते हैं। यही वर्ग सबसे अधिक नुकसान भी उठाता है। परिवार का कमाने वाला सदस्य जब इस तरह की दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके पीछे पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता आर्थिक और सामाजिक संकट में फंस जाते हैं। यदि देश में जहरीली शराब से होने वाली मौतों का इतिहास देखा जाए तो सबसे अधिक चर्चा बिहार की होती है। बिहार में वर्ष 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराबबंदी का उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त करना था, लेकिन इसके बाद अवैध शराब के कारोबार और जहरीली शराब से होने वाली मौतों की कई बड़ी घटनाएं सामने आईं। वर्ष 2022 बिहार के लिए सबसे भयावह साबित हुआ। मार्च 2022 में भागलपुर जिले में जहरीली शराब से 40 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। इसी वर्ष दिसंबर में सारण जिले में हुई त्रासदी ने पूरे देश को हिला दिया, जहां 70 से अधिक लोगों की जान चली गई। वर्ष 2023 में भी मोतिहारी और सीवान सहित कई क्षेत्रों में जहरीली शराब से अनेक लोगों की मौत दर्ज की गई।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

**1725:** भारत की महान वीरांगना और मालवा साम्राज्य की शासक अहिल्याबाई होल्कर का जन्म हुआ।
**1774:** भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
**1921:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।
**1977:** भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार विश्व के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की।

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

- ❑महाराष्ट्र में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत।
- ◆महाराष्ट्र में सरकार किसकी है इसलिए ज्यादा मत बोलो।
- ❑आतंकी साजिश पर एन आई ए एक्शन में, चार राज्यों के 12 ठिकानों पर छापेमारी।
- ◆फिर भी आतंकवादी कर गुजरते हैं।
- ❑कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से चुनाव आयोग को रजिस्ट्रेशन का कागज दिया गया।
- ◆हवाई पार्टी हवाई बातें।
- ❑दिन भर की तपीश के बाद देश के कई है समय जमकर बरसे में मेघ।
- ◆आम आदमी को राहत मिली।
- ❑राहुल गांधी ने दिल्ली में ऑटो ड्राइवर के साथ खाना खाया यूनिफॉर्म पहनी और जमीन पर बैठे।
- ◆क्या चाहते हैं मोदी भी ऐसा करें।
- ❑अमेरिका में 250 के डालर पर ट्रंप की तस्वीर छापने की कवायत।
- ◆लगता है डॉलर के दिन खराब आने वाले हैं।
- ❑भाजपा सरकार द्वारा ढाई साल में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई 103 सस्पेंड,6 बर्खास्त।
- ◆फिल्मी भ्रष्टाचार रॉकेट की तरह बढ़ रहा है।
- ❑सुप्रीम कोर्ट ने कहा यूपीएससी में पेपर लीक नहीं एन टी ए उससे सीखे।
- ◆कहां राजा भोज कहां गंगू तेली।

*.............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### रविवार 31 मई, 2026

**मेष राशि:** आज आपको आराम करने और क़रीबी दोस्तों व परिवार के साथ खुशी के कुछ पल बिताने की ज़रूरत है। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं- लोगों को दिए पुराने कर्ज़ वापिस मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी ख़राबियों से बचाएगा।

**मिथुन राशि:** मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।

**कर्क राशि:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। खर्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी।

**सिंह राशि:** दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इंसान से कराएंगे, जो सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। आज मुलाकात किसी शख़्स से हो सकती है जो आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए अहम सलाह दे सकता है।

**कन्या राशि:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे।

**तुला राशि:** आज आप खुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशि:** अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको धन लाभ तो हो सकता है। लेकिन आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

**धनु राशि:** आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इज़ाफ़ा करेगा।

**मकर राशि:** जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट ग़ायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है।

**कुम्भ राशि:** कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे।

**मीन राशि:** पेचीदा हालात में फँसने पर घबराएँ नहीं। जैसे खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लज़ीज़ बना देता है, उसी तरह ऐसी परिस्थितियाँ आपको खुशियों की सही क़ीमत बताती हैं।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076


**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## अहिल्याबाई होल्कर के आज 301वीं जयंती पर विशेष

# अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की अमरज्योति



ललित गर्ग



**भारतीय इतिहास के विशाल आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो केवल अपने समय के शासक नहीं होते, बल्कि युग की चेतना बन जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ऐसा ही एक दिव्य व्यक्तित्व हैं। वे केवल मालवा की रानी नहीं थीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सुशासन, न्याय और लोककल्याण की जीवित प्रतिमूर्ति थीं। 31 मई 2026 को उनकी 301वीं जयंती मनाई जा रही है। यह अवसर केवल एक महान शासिका को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उस दिव्यदृष्टि और जीवन-दर्शन को पुनः समझने का है, जिसकी आज के भारत को अत्यंत आवश्यकता है। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्या एक सामान्य परिवार से थीं।**

उनके पिता मनकोजी शिंदे ग्राम प्रधान थे। उस समय जब स्त्री-शिक्षा का प्रचलन लगभग नहीं था, तब उन्होंने अपनी पुत्री को शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास दिया। यही शिक्षा आगे चलकर उन्हें भारतीय इतिहास की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में स्थापित करने वाली बनी। मालवा के शासक मल्हार राव होलकर ने बालिका अहिल्या में अद्भुत प्रतिभा देखी और उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव होल्कर से करवा दिया। किंतु विवाह के कुछ वर्षों बाद ही युद्ध में पति की मृत्यु हो गई। उस युग की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई सती होना चाहती थीं, लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें रोकते हुए कहा कि राज्य और प्रजा को उनकी आवश्यकता है। यही वह क्षण था, जहां से एक साधारण स्त्री का असाधारण नेतृत्व आरंभ हुआ। अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों की अग्निपरीक्षा रहा। पति की मृत्यु, पुत्र मालेराव का निधन और बाद में ससुर मल्हार राव का बिछोह-इन सब आघातों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा की शक्ति में बदल दिया। यही कारण है कि उनका शासन केवल राजसत्ता नहीं, बल्कि करुणा और उत्तरदायित्व का आदर्श बन गया। 1767 में जब वे मालवा की गद्दी पर बैठीं, तब राजनीतिक अस्थिरता, षड्यंत्र और बाहरी आक्रमणों का दौर था। किंतु उन्होंने अद्भुत धैर्य, विवेक और साहस के साथ शासन संभाला। उनका प्रशासन इस बात का उदाहरण था कि सुशासन केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवेदना, न्याय और नैतिकता से संचालित होता है। उन्होंने कर व्यवस्था को सरल बनाया, किसानों पर लगान कम किया और व्यापार को संरक्षण दिया। उनके शासन में मालवा समृद्धि, शांति और सांस्कृतिक विकास का केंद्र बन गया। आज जब राजनीति अक्सर सत्ता-संघर्ष और स्वार्थ का पर्याय बनती जा रही है, तब अहिल्याबाई का जीवन यह संदेश देता है कि शासन का वास्तविक उद्देश्य जनता का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कभी राजसत्ता को अहंकार का माध्यम नहीं बनने दिया। वे प्रतिदिन खुले दरबार में प्रजा की समस्याएं सुनती थीं। उनके न्याय में न पक्षपात था और न विलंब। यही कारण था कि जनता उन्हें 'लोकमाता' कहकर सम्मान देती थी। अहिल्याबाई का सबसे बड़ा योगदान भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में दिखाई देता है। मुगल आक्रमणों और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण देश के अनेक मंदिर और तीर्थस्थल नष्ट हो चुके थे। उन्होंने केवल मंदिरों का पुनर्निर्माण नहीं करवाया, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित किया। काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और उज्जैन सहित अनेक तीर्थों में उन्होंने घाट, मंदिर, कुएं और धर्मशालाएं बनवाईं। यह कार्य किसी संकीर्ण धार्मिक आग्रह से प्रेरित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने का राष्ट्रीय प्रयास था। उनकी दृष्टि केवल धर्म तक सीमित नहीं थी। वे समाज-सुधार की भी प्रबल पक्षधर थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिया, सती प्रथा और सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास किया। यह उस समय की दृष्टि से अत्यंत क्रांतिकारी सोच थी। उन्होंने महिलाओं की एक विशेष सैन्य टुकड़ी भी गठित की। यह इस बात का प्रमाण है कि वे नारी को केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि शक्ति और नेतृत्व की प्रतीक मानती थीं। महेश्वर को राजधानी बनाकर उन्होंने उसे संस्कृति, कला और उद्योग का केंद्र बनाया। महेश्वरी साड़ियों की परंपरा आज भी उनके दूरदर्शी आर्थिक चिंतन की साक्षी है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों को संरक्षण देकर आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में जब 'लोकल फॉर वोकल' और आत्मनिर्भर भारत की चर्चा हो रही है, तब अहिल्याबाई का मॉडल और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व आध्यात्मिकता और व्यवहारिकता का अद्भुत समन्वय था। वे धर्मनिष्ठ थीं, किंतु कट्टर नहीं। वे परोपकारी थीं, किंतु दिखावे से दूर। वे शक्तिशाली शासक थीं, किंतु विनम्रता उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि सत्ता का सर्वोच्च रूप सेवा है। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीए ने उन्हें 'दार्शनिक रानी' कहा था, जबकि एनी बेसेंट ने उनके शासनकाल को मालवा का 'स्वर्ण युग' बताया। यह केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है कि अहिल्याबाई ने भारतीय शासन परंपरा को नैतिक ऊंचाई प्रदान की।

अहिल्याबाई शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और सांस्कृतिक विघटन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। वे बताती हैं कि नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना है। राष्ट्र निर्माण केवल बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि सेवा, न्याय और संवेदना से होता है।

# धरती का स्पर्श,स्वस्थ जीवन का आधार :मिट्टी, चुंबकत्व और शरीर की ऊर्जा



ललित गर्ग

**मिट्टी मानव जीवन का मूल आधार है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे भोजन, जल, वनस्पति तथा समस्त जीव-जगत का अस्तित्व मिट्टी पर ही निर्भर करता है। भारतीय संस्कृति में मिट्टी को केवल धूल नहीं माना गया, बल्कि उसे 'धरती माता' का स्वरूप दिया गया है। प्राचीन काल में लोग मिट्टी के घरों, कच्चे आंगनों और खेतों के बीच रहते थे, जिससे उनका प्रकृति से गहरा संबंध बना रहता था।**

मिट्टी में अनेक खनिज तत्व और प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं, जो पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी माने जाते हैं। संस्कृत साहित्य में पृथ्वी को धैर्य, सहनशीलता और पालन-पोषण का प्रतीक बताया गया है। अथर्ववेद में कहा गया है- 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' अर्थात् पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। यह पंक्ति भारतीय संस्कृति में मिट्टी के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। मिट्टी केवल अन्न उत्पन्न नहीं करती, बल्कि मनुष्य को प्रकृति से जोड़कर जीवन में संतुलन, शांति और ऊर्जा भी प्रदान करती है। मानव सभ्यता का सबसे गहरा संबंध यदि किसी तत्व से रहा है, तो वह धरती और मिट्टी ही है। मनुष्य का जन्म भी प्रकृति की गोद में हुआ और उसका जीवन हजारों वर्षों तक मिट्टी, जल, वायु और सूर्य के साथ संतुलन बनाकर चलता रहा। प्राचीन भारत में छोटे बच्चों को घर-आंगन की मिट्टी में खेलने देना सामान्य बात थी। बच्चे धूल-मिट्टी में दौड़ते, गिरते, उठते और प्रकृति के बीच बड़े होते थे।

उस समय इसे गंदगी नहीं, बल्कि स्वाभाविक जीवन का हिस्सा माना जाता था। यही कारण था कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक मजबूत होती थी, शरीर सक्रिय रहता था और मानसिक विकास भी स्वाभाविक रूप से होता था। मिट्टी के संपर्क में रहने से शरीर धीरे-धीरे वातावरण में मौजूद सूक्ष्म जीवों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेता था। आज आधुनिक विज्ञान भी यह मानता है कि अत्यधिक कृत्रिम और बंद वातावरण में पलने वाले बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर हो सकती है। समय के साथ जीवनशैली बदली और आधुनिकता के नाम पर मनुष्य ने स्वयं को प्रकृति से दूर करना शुरू कर दिया। गांवों और शहरों में मिट्टी के आंगन तथा कच्चे फर्श धीरे-धीरे समाप्त होते गए। उनकी जगह सीमेंट, कंक्रीट, मार्बल, कांच और लकड़ी के चमकदार फर्शों ने ले ली। घरों का बाहरी सौंदर्य तो बढ़ा, लेकिन धरती से हमारा सीधा संबंध कमजोर पड़ने लगा। आज बच्चे घरों में बंद होकर मोबाइल, टीवी और कृत्रिम खिलौनों के बीच बड़े हो रहे हैं। नंगे पैर चलना अब पिछड़ेपन की निशानी समझा जाने लगा है। पैरों में हर समय रबड़, प्लास्टिक, चमड़े और अन्य कृत्रिम पदार्थों से बने जूते-चप्पल रहने लगे हैं। परिणामस्वरूप, शरीर का धरती से प्रत्यक्ष संपर्क लगभग समाप्त हो गया है। इसका प्रभाव केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और जीवनशैली पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में बता चुका हूं कि भारतीय संस्कृति में धरती को केवल मिट्टी नहीं, बल्कि 'माता' का स्थान दिया गया है। सुबह उठकर धरती को प्रणाम करने की परंपरा इसी भावना को व्यक्त करती है। हमारे ऋषि-मुनि नंगे पैर चलते थे, तपस्या करते थे और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन व्यतीत करते थे।

आयुर्वेद तथा योग में भी मिट्टी और पृथ्वी तत्व को शरीर के संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। भारतीय परंपरा में यह विश्वास रहा है कि मिट्टी में प्राकृतिक ऊर्जा और चुंबकीय गुण विद्यमान होते हैं, जो शरीर को संतुलित रखने में सहायता करते हैं। पृथ्वी स्वयं एक विशाल चुंबक की तरह कार्य करती है और उसका चुंबकीय क्षेत्र प्रत्येक जीवित प्राणी को प्रभावित करता है। जब मनुष्य नंगे पैर धरती पर चलता है, तब शरीर और पृथ्वी के बीच ऊर्जा का स्वाभाविक आदान-प्रदान होता है। आधुनिक समय में इसे 'अर्थिंग' अथवा 'ग्राउंडिंग' जैसे नामों से भी समझाया जा रहा है। अनेक शोध यह संकेत देते हैं कि धरती के संपर्क में रहने से तनाव कम हो सकता है, नींद बेहतर हो सकती है और मानसिक शांति का अनुभव होता है। आज आंखों की कमजोरी, त्वचा रोग, एलर्जी, तनाव तथा मानसिक अस्थिरता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके पीछे केवल खानपान या प्रदूषण ही नहीं, बल्कि प्रकृति से बढ़ती दूरी भी एक महत्वपूर्ण कारण मानी जा सकती है। पहले बच्चे मिट्टी में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, खेतों में दौड़ते थे और खुले वातावरण में अधिक समय बिताते थे। इससे उनका शरीर स्वाभाविक रूप से मजबूत बनता था। अब जीवन एयर कंडीशनर, बंद कमरों और कृत्रिम रोशनी तक सीमित होकर रह गया है। शरीर को सूर्य का प्रकाश कम मिलता है, धरती का स्पर्श नहीं मिलता और प्रकृति से जुड़ाव निरंतर घटता जा रहा है। इसका प्रभाव रोग प्रतिरोधक क्षमता पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों तथा अनेक आदिवासी इलाकों में आज भी लोग प्रकृति के अधिक निकट जीवन जीते हैं। वहां घर-आंगन में नंगे पैर चलना सामान्य बात है। बच्चे मिट्टी में खेलते हैं और लोग खेतों तथा प्राकृतिक वातावरण में अधिक समय बिताते हैं। यही कारण है कि वहां के लोगों में शारीरिक सक्रियता, मानसिक संतुलन और प्राकृतिक जीवनशैली आज भी अपेक्षाकृत अधिक देखने को मिलती है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ा हुआ एक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक अनुभव भी है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है या हमें पुनः पूरी तरह पुराने समय में लौट जाना चाहिए। आधुनिक सुविधाएं जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाती हैं, लेकिन विकास का अर्थ प्रकृति से पूर्ण दूरी बना लेना नहीं होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिक जीवन और प्राकृतिक संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करें। बच्चों को मिट्टी, पेड़-पौधों और खुले वातावरण से जोड़ना चाहिए। कभी-कभी नंगे पैर घास या मिट्टी पर चलना, घरों में छोटे आंगन और बगीचे बनाना तथा प्रकृति के साथ समय बिताना शरीर और मन दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। धरती केवल रहने का स्थान नहीं, बल्कि जीवन ऊर्जा का आधार है।

# तम्बाकू की लत कर रही है घर-परिवार तबाह



बाल मुकुन्द ओझा

**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस हर साल दुनिया भर में 31 मई को मनाया जाता है। यह दिन लोगों को तम्बाकू के खतरों के बारे में जागरूक करने और इसके सेवन को रोकने के लिए मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 का विषय निकोटीन और तंबाकू की लत के आकर्षण का पर्दाफाश: निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला रखा गया है।**

ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है, जिनमें लगभग 12 लाख मौतें तो सिर्फ परोक्ष धुएं के चलते होती हैं। तम्बाकू एक मीठा जहर है जो बीड़ी सिगरेट, हुक्का, गुल, गुड़ाकु, जर्दा, किमाम, खैनी, गुटखा अदिधुंवा रहित और धूम्रपानयुक्त कई रूपों में बाजार में उपलब्ध है। तम्बाकू को मीठा जहर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह प्रारंभ में व्यक्ति को आनंद और ताजगी का अनुभव कराता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक उपयोग से स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। तम्बाकू में निकोटीन होता है, जो एक नशे की लत पैदा करने वाला पदार्थ है। इसके सेवन से हृदय रोग, कैंसर, और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, इसे मीठा जहर कहा जाता है। तम्बाकू के इस्तेमाल से मुँह, गला, मस्तिष्क, घेंघा, फेफड़ें, पित्ताशय, गुर्दे और स्तन सहित शरीर के विभिन्न अंगों में कैंसर पैदा हो सकता है। तम्बाकू के कारण हदय रोग, फेफड़े संबंधी रोग, पक्षाघात, अंधापन, दांत और मसूड़े की बीमारियां भी हो सकती है। तम्बाकू के गुटके के रूप में खाने से सफेद दाग, मुँह का नहीं खुल पाना तथा कैंसर रोग भी हो सकता है। लगातार गुटखे या तम्बाकू का सेवन आपके दांत को ढीले और कमजोर बना देते हैं बैक्टीरिया दांतों में जगह बना लेते हैं जिससे दांतों का रंग बदलने लगता है और धीरे-धीरे दांत गलने भी लगते हैं। तम्बाकू या गुटखा लगातार खाने वालों की जीभ, जबड़ों और गालों के अंदर सेंसेटिव सफेद पेच बनने लगते हैं और उसी से मुंह में कैंसर की शुरुआत होती है जिसके बाद धीरे-धीरे मुंह का खुलना बंद हो जाता है और मुंह में कैंसर फैल जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि दुनिया भर में बढ़ते खाद्य अभाव और तम्बाकू सेवन से हर साल 80 लाख लोगों की मौत के मद्देनज़र, देशों को तम्बाकू की खेती को अनुदान बन्द करना होगा और खाद्य उत्पादन करने में किसानों की मदद करनी होगी।

असल में तम्बाकू के अनेक शारीरिक व आर्थिक नुक्सानको नजरअंदाज नहीं किया जासकता हैं। एक और जहां तम्बाकू के सेवन से कई बीमारियां हों सकती है वहीं दूसरी और यह ग्लोबल फ़ूडक्राइसिस का कारण बन सकता है। यह सर्वविदित है तम्बाकू के सेवन से जीवन शक्ति का भी ह्रास होता है। व्यक्ति को पता चल जाता है कि तम्बाकू का सेवन हानिकारक है किंतु लाख प्रयासों के बाद भी यह लत छूटती नहीं। और जब व्यक्ति किसी भयानक रोग का शिकार हो जाता है तब उसे इसके खतरनाक होने का एहसास होता है मगर तब तक देर हो चुकी होती है। यह सत्य है कि तम्बाकू का प्रयोग किसी भी रूप में किया जाए, इसका शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता ही है। भारत के साथ ही सम्पूर्ण विश्व में पिछले कुछ सालों में तम्बाकू के सेवन और उससे पीड़ित लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। इस गंभीर लत ने हजारों लोगों को विभिन्न बीमारियों के साथ अकाल मौत के मुँह में धकेल दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू और धूम्रपान सेवन से होने वाली हानियों और खतरों से विश्व जनमत को अवगत कराके इसके उत्पाद एवं सेवन को कम करने की दिशा में आधारभूत कार्यवाही करने का प्रयास किया है। तम्बाकू सेवन केवल शरीर के लिए ही हानिकारक नहीं है, यह व्यक्ति की सामाजिक-आर्थिक सिथति को भी कमजोर बनाती है।

# जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने अनुवाद की मूक पशुओं की भाषा

महेन्द्र तिवारी

**मानव सभ्यता के इतिहास में यह इच्छा हमेशा से रही है कि हम अपने आस-पास के मूक पशुओं की भाषा को समझ सकें। पौराणिक कहानियों से लेकर आधुनिक विज्ञान कथाओं तक, जानवरों से बातचीत करने की क्षमता को हमेशा एक जादुई शक्ति या वरदान के रूप में प्रस्तुत किया गया है।**

परंतु वर्तमान समय में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को गहराई से प्रभावित कर रही है, यह प्राचीन स्वप्न भी अब वास्तविकता का रूप लेने लगा है। चीन के एक नए तकनीकी स्टार्टअप ने इस दिशा में एक अत्यंत क्रांतिकारी और साहसिक कदम उठाया है जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों, पशु प्रेमियों तथा तकनीकी जगत को अचंभित कर दिया है। इस चीनी कंपनी ने एक ऐसा विशेष उपकरण तैयार किया है जो पालतू जानवरों की आवाजों और उनके शारीरिक हाव-भाव का विश्लेषण करके उसे इंसानी भाषा में अनुवाद करने में सक्षम है। इस पूरे आविष्कार में सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली बात यह है कि इस उपकरण के माध्यम से किए जाने वाले अनुवाद को 95 प्रतिशत तक सटीक बताया जा रहा है, जो कि विज्ञान और तकनीक की दुनिया में एक बहुत बड़ा और अभूतपूर्व दावा माना जा रहा है। इस अनोखी और अत्याधुनिक तकनीक को विकसित करने का पूरा गौरव चीन के हांगझोउ शहर में कार्यरत एक नए स्टार्टअप मेंग श्याओयी को जाता है। इस संस्थान ने वर्षों के व्यापक शोध और जटिल परीक्षणों के उपरांत पेट्टीचैट नाम का एक अनूठा स्मार्ट कॉलर बाजार में पेश किया है। यह गले में पहनाया जाने वाला कोई साधारण पट्टा नहीं है, अपितु इसके अंदर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक पूरी कार्यप्रणाली समाहित है। इस गैजेट की मूल संरचना को शक्ति प्रदान करने के लिए अलीबाबा क्लाउड के सुप्रसिद्ध क्वेन एआई मॉडल का प्रयोग किया गया है। इस मॉडल को विशेष रूप से पशुओं के व्यवहार, उनकी विभिन्न ध्वनियों और मनोदशाओं को समझने के लिए ही तैयार किया गया है। इस पूरी तकनीक को विकसित करने में वैज्ञानिकों और डेवलपर्स को पूरे 2 वर्ष का लंबा समय लगा है। इस लंबी अवधि के दौरान कंपनी ने अनेक अनुभवी पशु चिकित्सकों और पशु व्यवहार विशेषज्ञों का सहयोग लिया ताकि पालतू जीवों के संवाद करने के तौर तरीकों का एक अत्यंत प्रामाणिक और वैज्ञानिक डेटाबेस तैयार किया जा सके जो इस उपकरण को आधार प्रदान कर सके।

इस आधुनिक उपकरण को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप ने पालतू पशुओं, मुख्य रूप से कुत्तों और बिल्लियों के लाखों ऑडियो और वीडियो नमूनों को एकत्रित किया और उनका बारीकी से अध्ययन किया। इन संकलित नमूनों में जानवरों के अलग-अलग परिस्थितियों में भौंकने, म्याऊं करने, घुरघुराने तथा उनके बैठने, उठने और पूंछ हिलाने जैसी विभिन्न शारीरिक मुद्राओं को रिकॉर्ड किया गया था। इस विशाल डेटा का विश्लेषण करने के पश्चात ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को इस योग्य बनाया जा सका कि वह जानवरों के भीतर छिपी भावनाओं के संकेतों को आसानी से पकड़ सके।

जब कोई पालतू पशु इस पट्टे को अपने गले में धारण करता है, तो इसमें स्थापित किए गए बेहद संवेदनशील माइक्रोफोन उसकी आवाजों को तुरंत पकड़ लेते हैं और साथ ही इसमें लगे मोशन सेंसर उसकी शारीरिक गतिविधियों को मापते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया इतनी तीव्र गति से पूरी होती है कि कुछ ही सेकंडों में सारा डेटा मालिक के स्मार्टफोन में मौजूद एक विशेष ऐप पर भेज दिया जाता है। यह ऐप उस डेटा का अनुवाद करके मोबाइल स्क्रीन पर सीधे छोटे और स्पष्ट वाक्य प्रदर्शित कर देता है, जिससे मालिक को अपने पालतू पशु की स्थिति तुरंत पता चल जाती है। तकनीकी मोर्चे पर इस उपकरण की सबसे बड़ी विशेषता इसके द्वारा किया जाने वाला सटीकता का दावा है। मेंग श्याओयी स्टार्टअप का कहना है कि उनका यह एआई मॉडल पालतू जानवरों की 20 से अधिक विभिन्न प्रकार की संवेगात्मक और मानसिक दशाओं को बिल्कुल सटीक रूप से पहचानने में पूरी तरह सक्षम है।

### कुम्हेर गेट रोड वाला फ्लाईओवर बने, शेष रिंग रोड 6 लेन हो

# काली की बगीची, सूरजपोल फ्लाईओवर निरस्त कर बचत राशि शहर के विकास कार्यों पर खर्च की जाए




**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भरतपुर शहर में राज्य सरकार द्वारा लगभग 370 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन फ्लाईओवर परियोजनाओं को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहले मुख्यमंत्री हैं जो भरतपुर को सुन्दर व भविष्य का शहर बनाने की सोच रखते हैं लेकिन इसी तरह से या इसी गति से विकास होता है तो सरकार के बचे 2 साल भी इस प्रस्तावित कार्य के करना सम्भव नहीं है। प्रशासन कितना भी जोर लगा ले ये कार्य पूर्ण इन 2 सालों की अवधि में नहीं हो सकते हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री को इस यश की भागीदारी नहीं मिलेगी यह तय है। उन्होंने कहा कि अगर काली बगीची वाले फ्लाईओवर को निरस्त कर दिया जाता है तो निश्चय ही भरतपुर शहर के करीब.करीब कार्य दो साल के अन्दर पूर्ण हो जायेंगे और मुख्यमंत्री को इसका पूरा श्रेय मिलेगा। इसके अलावा शहर और सुन्दर और आकर्षक भी हो जायेगा। प्रशासन भी अनावश्यक दबाव से मुक्त हो जायेगा। गुप्ता ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में शहर को दो बड़े फ्लाईओवरों की नहीं बल्कि सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन और दीर्घकालिक शहरी नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि रिंग रोड को 6 लेन में विकसित कर आगामी 25 वर्षों तक बढ़ते ट्रैफिक दबाव को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। पत्रकार वार्ता में गुप्ता ने कहा कि यदि दोनों फ्लाईओवर परियोजनाओं को निरस्त करना संभव नहीं हो तो हीरादास से कुम्हेर गेट तक प्रस्तावित फ्लाईओवर को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि उसके लिए निर्माण सामग्री एवं ब्लॉक पहले ही उपलब्ध कराए जा चुके हैं। वहीं काली की बगीची से सूरजपोल चौराहे तक प्रस्तावित फ्लाईओवर की उपयोगिता शहर की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है और उसका निर्माण कार्य अभी प्रारम्भिक अवस्था में है जिसमें कुल कार्य का 10 प्रतिशत भी पूरा नहीं हुआ है।

ऐसी स्थिति में इस परियोजना को रोककर सरकार बड़ी वित्तीय बचत कर सकती है तथा उस राशि का उपयोग भरतपुर शहर की सड़कों जल निकासी यातायात प्रबंधन पेयजल एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास जैसे अधिक जनहितकारी कार्यों में किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि बचत राशि का उपयोग शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ करने रारह पुल के पुनर्निर्माण सुजान गंगा के जीर्णोद्धार यातायात सुधार पार्किंग व्यवस्थाओं तथा शहर सौन्दर्यीकरण जैसे स्थायी विकास कार्यों पर किया जाए। जिससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा।

फ्लाईओवरों के बारे में निर्णय शीघ्र नही लिया गया तो सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद हो सकता है अगली सरकार इन कार्यों को पूरा करने में रूचि नही ले। गुप्ता ने कहा कि भरतपुर शहर पहले से ही संकरी सड़कों अव्यवस्थित यातायात और पार्किंग की गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। फ्लाईओवर निर्माण कार्यों के कारण रिंग रोड के बड़े हिस्से अवरुद्ध हो जाने से शहर की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। विशेष रूप से व्यापारिक क्षेत्रों में ग्राहकों की आवाजाही कम हुई है जिससे स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन छात्र-छात्राओं मरीजों व्यापारियों और आम नागरिकों को घंटों ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यटन उद्योग पर भी पड़ रहा है। भरतपुर आने वाले देशी.विदेशी पर्यटकों को भी लंबे जाम में फंसना पड़ता है जिससे उनका समय नष्ट होता है और शहर की छवि प्रभावित होती है। पत्रकार वार्ता में सीताराम गुप्ता ने फ्लाईओवरों के सामाजिक एवं शहरी प्रभावों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अधिकांश शहरों में फ्लाईओवरों के नीचे अतिक्रमण गंदगी अव्यवस्थित पार्किंग असामाजिक गतिविधियाँ तथा आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिलता है। इससे शहर की स्वच्छता सौन्दर्य और समग्र शहरी वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी वक्ताओं ने किया वर्तमान चुनौतियों पर मंथन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर बुधवार को लोहागढ़ उत्थान मोर्चा की ओर से डिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिता की चुनौतियां एवं संभावना विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार संजीव चिनिया के मुख्य आतिथ्य तथा मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि संजीव चिनिया ने कहा कि उदंत मार्तंड से शुरू हुई हिंदी पत्रकारिता आज सोशल मीडिया के दौर में सबसे बड़े संक्रमण काल से गुजर रही है। गति के साथ विश्वसनीयता बनाए रखना आज सबसे बड़ी चुनौती है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार वशिष्ठ ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। फेक न्यूज के दौर में तथ्यों की जांच और भाषा की मर्यादा बनाए रखना हर पत्रकार का दायित्व है। उन्होंने एआई डिजिटल मीडिया और नागरिक पत्रकारिता पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान में मोबाइल धारक नवोदित पत्रकारों ने पत्रकारिता की गरिमा को गिराने में कोई कोर.कसर नहीं छोड़ी है। एक दौर था जब पत्रकारों को शासन.प्रशासन सर.आंखों पर बिठाता था लेकिन अब पत्रकारिता में आए बदलाव से शासन.प्रशासन का नजरिया बदल गया है। यह प्रवृत्ति पत्रकारिता को गर्त में ले जाने की ओर अग्रसर दिख रही है। कार्यक्रम में अन्य पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत सीकर में विद्युत प्रकाश व्यवस्था सुधार अभियान जारी

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर परिषद सीकर द्वारा शहर में विद्युत प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाली विद्युत प्रकाश व्यवस्था संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। नगर परिषद की विद्युत शाखा द्वारा शहर में पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटों, हाई मास्ट लाइटों एवं डिवाइडरों पर स्थापित प्रकाश व्यवस्था का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव किया जा रहा है।

### यो-यो फिटनेस टेस्ट प्रक्रिया संपन्न

## सिलेक्शन मैचो के आधार पर जिले की 16 सदस्यीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का होगा चयन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा राज्य स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम चयन हेतु पूर्व में रखी गई एक दिवसीय चयन ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट के लिए चयन कर यो-यो टेस्ट लिया गया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि जिले के चयनकर्ताओं द्वारा अंडर-19 भरतपुर जिले की टीम बनाने हेतु चयन ट्रायल के बाद लगभग 45 खिलाड़ियों का यो यो फिटनेस टेस्ट के लिए चयन किया गया। इसमें से पहली बार में अधिकांश खिलाड़ी फेल हो गए थे उसके बाद दुबारा यो.यो फिटनेस टेस्ट के लिए खिलाड़ियों को दूसरी बार मौका देकर बुलाया गया उसके बाद भी अधिकांश खिलाड़ी फेल हो गए परंतु खिलाड़ियों के भविष्य को मध्य नजर रखते हुए जिला संघ एवं चयनकर्ताओं ने अंडर-19 खिलाड़ियों को 30 मई को तीसरा व अंतिम मौका देकर फिटनेस टेस्ट प्रक्रिया समाप्त की गई और इस प्रक्रिया के बाद जिले के चयनकर्ताओं ने 33 खिलाड़ियों का सिलेक्शन मैचो के लिए चयन किया है।

अब यह 33 खिलाड़ी आपस में तीन सिलेक्शन मैच खेलेंगे। सचिव ने बताया कि इन तीनों मैचो के टीमों का नाम भरतपुर जिले के पूर्व दिवंगत खिलाड़ियों के नाम पर रखा गया है हरीश चौधरी एकादश योगेंद्र सिंह गुगा एकादश तथा चन्दा लवानिया एकादश होगा। चयनित टीम में हरीश चौधरी एकादश हिमांशु सोगरवाल कप्तान अनमोल शर्मा हरीदत्त तिवारी मन्नू सैनी कपिल उर्मित सिंह उत्कर्ष शर्मा कुनाल फ




ौजदार आकाश युगल किशोर प्रशांत चाहर तथा योगेंद्र सिंह गुगा एकादश के खिलाड़ी आर्यन बघेल कप्तान मुकीम खान गिरीश चौधरी राज चौधरी गौरव चाहर अंकित कुमार लव दीक्षित मानवेंद्र सिंह टिंकू परमार पुनीत गुर्जर राज तथा चन्दा लवानिया एकादश के खिलाड़ी अनुज मीणा कप्तान ध्रुव देवदत्त तिवारी जय सिंह परिहार कुश सोलंकी विनय कामवार जतिन कुमार आशीष प्रजापत तनिष्क खंडेलवाल योगेन्द्र मीना अंकित 2 होंगे। यह सिलेक्शन मैच 4 जून से आयोजित होंगे सिलेक्शन मैचो के बाद चयनित जिले की टीम राज्य स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने के लिए रवाना होगी।

### श्रीगंगानगर जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद जारी

## 5.15 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद 51 हजार से अधिक किसानों को लाभ

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** रबी विपणन सीजन 2026-27 के दौरान श्रीगंगानगर जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिले में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अब तक 5 लाख 15 हजार 193 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 91 प्रतिशत है। जिले के लिए कुल 5 लाख 63 हजार 498 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए जिले में 56 खरीद केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न खरीद एजेंसियों के माध्यम से पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था के साथ खरीद कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले के 89 हजार 332 किसानों ने पंजीकरण करवाया है, जिनमें से 51 हजार 194 किसानों को गेहूं विक्रय का लाभ मिल चुका है। खरीद के साथ-साथ उठाव कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। 29 मई तक 4 लाख 72 हजार 361 मीट्रिक टन गेहूं का उठाव किया जा चुका है, जिससे खरीद केन्द्रों पर भंडारण एवं आवक की व्यवस्था सुचारू बनी हुई है।

किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा भुगतान प्रक्रिया को और अधिक गति देने के निर्देश दिए गए हैं।

## गिरधरपुरा शाहपुरा में निकाली कलश यात्रा श्रीरामकथा हुई शुरू



**उदयपुरवाटी (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के निकटवर्ती गिरधरपुरा शाहपुरा ग्राम पंचायत में शनिवार को ठाकुर जी के मंदिर से महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए विशाल कलश यात्रा निकाली इस दौरान राम कथा का कथा वाचक यशोदानंदन ठाकुर जी महाराज द्वारा प्रतिदिन 12:15 बजे से शाम 4:15 तक राम कथा सुनाई जाएगी। इस दौरान सरपंच महेंद्र सैनी ने बताया कि आज का मनुष्य छल और कपट से जीवन यापन कर रहा हैं। लेकिन यदि उसे जीवन के भवसागर को पर लगाना है तो उसे भगवान की भक्ति का सारा लेना होगा। बिना भक्ति के मोक्ष प्राप्त करना असंभव है। जो व्यक्ति भगवान की भक्ति और भजन करता है उसके जीवन में सदैव प्रकाश बना रहता है। दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए ठाकुर जी के मंदिर से शिशुवाला बालाजी मंदिर तक कलश यात्रा पहुंची जहां शिशुवाला बालाजी मंदिर में सात दिवसीय राम कथा का शुभारंभ हुआ।

# नदबई की टीचर्स कॉलोनी में खाटू श्याम जागरण का हुआ आयोजन देर रात तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु फूलों से हुआ स्वागत

**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** की टीचर्स कॉलोनी में देर रात तक भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां श्याम सखा मंडल के तत्वावधान में भव्य खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा श्याम का आकर्षक एवं मनमोहक दरबार सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जागरण में पहुंचकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। **पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर हुआ शुभारंभ** जागरण का शुभारंभ विधि-विधान के साथ बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद गणेश वंदना एवं बाबा के मंगलाचरण के साथ भजनों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**प्रसिद्ध भजन गायकों ने बांधा समा** श्याम सखा मंडल के सदस्यों ने बताया कि, जागरण में बाहर से पधारे प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हाथरस से आई सुप्रसिद्ध भजन गायिका चंदन शर्मा ने बाबा के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं भजन गायक विष्णु बृजवासी एवं संदीप मस्ताना ने भी एक से बढ़कर एक श्याम भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

**भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु** जागरण के दौरान 'हारे के सहारे आजा' 'खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार' तथा अन्य लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और नृत्य करते नजर आए। पूरा पंडाल बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने तालियों और जयघोष के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। **बाबा के दरबार में लगाई हाजिरी, मांगी मन्नतें** देर रात तक चले इस भव्य जागरण में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर माथा टेका तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना की।



## एक नजर

### राज्य स्तरीय साहसिक शिविर में भरतपुर के 5 रोवर-रेंजर करेंगे सहभागिता आज

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड मुख्यालय जयपुर द्वारा 1 से 5 जून तक हिमाचल प्रदेश के मनाली स्थित सोलांग वैली में आयोजित राज्य स्तरीय साहसिक शिविर में भरतपुर जिले के 5 रोवर.रेंजरों का चयन किया गया है। यह शिविर युवाओं में साहसिक गतिविधियों नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग ने बताया कि शिविर के लिए आरडी गर्ल्स कॉलेज से अंजली कुमारी हरिदत्त डिग्री कॉलेज से शालू कटारा तथा लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम से निकिता राजोरिया एवं ज्योति का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त लोहागढ़ ओपन रोवर से प्रमोद भी शिविर में भाग लेंगे। सीओ गाइड कल्पना शर्मा एवं सीओ स्काउट देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय इस साहसिक शिविर में प्रतिभागियों को हाइकिंग ट्रैकिंग सामुदायिक सेवा सांस्कृतिक आदान.प्रदान तथा नेतृत्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय एकता सामाजिक उत्तरदायित्व एवं युवा सहभागिता जैसे विषयों पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर के दौरान वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर युवाओं की भूमिका एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में आत्मविश्वास अनुशासन टीम भावना एवं सेवा भाव का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चयनित रोवर.रेंजर दल रविवार को मनाली के लिए रवाना होगा तथा शिविर में भरतपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा।

### जीएसएस पर ड्यूटी कर रहे टेक्नीशियन के साथ हॉकी- सरियों के साथ मारपीट राजकार्य में बाधा का आरोप

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना कोतवाली थाना क्षेत्र के कनावर गांव स्थित बिजली विभाग के जीएसएस पर ड्यूटी कर रहे एक टेक्नीशियन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे दो युवकों ने हॉकी और लोहे की सरियों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावर घायल कर्मचारी को जीएसएस परिसर में ही बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। टेक्नीशियन नया गांव खुर्द निवासी सुखदेव जाट ने बताया- वे अपनी ड्यूटी पर तैनात थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए अरविंद और राकेश नामक युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। सुखदेव जाट के अनुसार, युवकों ने हॉकी और सरियों से हमला किया, जिससे वे बेहोश हो गए। होश में आने के बाद उन्होंने घटना की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों और अपने परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल सुखदेव को उपचार के लिए बयाना उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में कनावर निवासी अरविंद गुर्जर और राकेश गुर्जर पर मारपीट करने तथा राजकार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। एएसआई बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपों की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय का किया उद्घाटन



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमराज गौड़ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीग नवीन कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हेमराज गौड ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य गरीबों एवं शोषित एवं वंचित वर्गों को निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना तथा आमजन के लिए न्याय के दरवाजे खोलना है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रामकिशन शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज मीणा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू सकीत लीगल डिफेंस काउंसिल के चीफ विनोद कुमार शर्मा सोना गौतम आशुतोष शर्मा रोहन फौजदार रमाकांत शर्मा नीरज कुमार वर्मा राजेश शर्मा अधिवक्ता एवं न्याय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राकेश मुडौतिया बने भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष निहाल चंद ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार मोर्चा जिलाध्यक्षों की घोषणा की जिसमें भरतपुर जिलाध्यक्ष पद पर राकेश मुडौतिया को नियुक्त किया गया है। भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन के बाद राकेश मुडौतिया ने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड व एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निहाल चंद, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि उनको जो जिम्मेदारी दी गई है वह संगठन की मजबूती को लेकर पूरे प्रयास करने के साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों तक पहुँचायें एवं आम जनता को इन योजनाओं से जोडा जायेगा। वहीं इस नियुक्ति पर अध्यक्ष मुडौतिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया।

### अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला अधिकारिता विभाग, सीकर के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय, फतेहपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य प्रबंधन तथा एनीमिया रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक ताराचंद जान्दू ने बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक एवं सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिसके प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस एक वैश्विक पहल है, जिसके माध्यम से माहवारी से जुड़े मिथकों, भ्रांतियों एवं सामाजिक वर्जनाओं को समाप्त कर महिलाओं एवं किशोरियों को स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने डेली तलाई में पीएचसी भवन एवं शिवनगर में 33/11 केवी जीएसएस का किया लोकार्पण

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेली तलाई में नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भवन तथा ग्राम पंचायत शिवनगर में 33-11 केवी विद्युत ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल तथा राजस्थान विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत सरोवर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जल संरक्षण का संदेश दिया।डेली तलाई में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की भजनलाल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के सपनों को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिली है। डेली तलाई में 1 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित पीएचसी भवन तथा शिवनगर में 33-11 केवी जीएसएस का लोकार्पण इसी विकास यात्रा का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत क्षेत्र की प्रत्येक ढाणी तक विद्युत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही दंतौर, 465 हेड, पुगल सहित विभिन्न स्थानों पर 132 केवी जीएसएस स्थापित किए गए हैं तथा ग्राम पंचायत स्तर पर 33-11 केवी जीएसएस का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। बड़े जलाशयों एवं जल भंडारण संरचनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत पारंपरिक जल स्रोतों, बावड़ियों, तालाबों एवं सरोवरों के संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके। राजस्थान विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कहा कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में खाजूवाला विधानसभा अग्रणी बन रही है। श्याम पंचारिया ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।जनसभा में हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसडीएम पूगल सुदिव्या विश्नोई, बीडीओ गोपाराम मेघवाल, तहसीलदार अशोक पारीक, विद्युत विभाग के अधिकारी विजय मीणा एवं अजय डूंडवाल, आईजीएनपी के अधिशासी अभियंता दीपाकर शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### 13 साल के नाबालिग का यौन शोषण

## बुजुर्ग के खिलाफ पॉक्सो में मामला दर्ज, डीएसपी करेंगे जांच

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** टोंक में नाबालिग बच्चे के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार शाम की है। इसका पता नाबालिग बच्चे की भाई को लगने के बाद आरोपी 60 साल का वृद्ध भाग निकाला। उसके बाद पूरा घटनाक्रम घर वालों को बताया गया। बच्चे ने यह भी बताया कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर और पैसों का लालच देकर उसके साथ पहले भी एक बार यौन शोषण कर चुका है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित परिवार की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि 29 मई की शाम को आरोपी ने बच्चे को बुलाकर एक प्लाट में ले गया और उसका यौन शोषण किया। इस दौरान घटना को पीड़ित के बड़े भाई ने देख लिया और उसने शोर मचाकर लोगों को बुला लिया। इस पर आसपास के लोग घटना स्थल पर दौड़े और बच्चे को आरोपी के चंगुल से बचाया। इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। इसमें कुछ दिन पहले भी आरोपी ने बच्चे को रुपए देने का लालच देकर एक मकान में ले गया था और उसका यौन शोषण किया।

# भांवता गांव में घर में घुसकर बुजुर्ग पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार से दोनों पैरों पर किए वार

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले के भांवता गांव में देर रात बदमाशों ने घर में घुसकर एक बुजुर्ग पर धारदार हथियार से हमला कर सनसनी फैला दी। घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी हालत को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया गया।पीड़ित के पुत्र नवल किशोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता जगदीश प्रसाद और माता घर में सो रहे थे। इसी दौरान कुछ बदमाश जबरन घर में घुस आए और जगदीश प्रसाद पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके दोनों पैरों पर वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए। परिजनों के अनुसार घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते चिकित्सकों ने उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले क्षेत्र में कुछ लोगों को नशा करने से रोकने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद की रंजिश में हमला किए जाने की बात सामने आ रही है।परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि वारदात से पहले मोबाइल फोन पर धमकियां दी गई थीं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है तथा हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### दौसा में नकली नोटों का बड़ा खेल बेनकाब

## कोतवाली पुलिस ने 40 हजार की फर्जी करेंसी के साथ युवक दबोचा

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा कोतवाली पुलिस ने नकली नोटों के बड़े खेल का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 500रु के 80 नकली नोट, कुल 40 हजार रु की फर्जी करेंसी बरामद की है।थाना अधिकारी भगवान सहाय शर्मा के अनुसार सैंथल मोड़ क्षेत्र से आयुष मीणा नामक युवक को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 17 हजार रु असली देकर 40 हजार के नकली नोट खरीदे थे।जांच में खुलासा हुआ कि ये नोट कंवरपुरा निवासी कुलदीप गुर्जर से लिए गए थे, जो जयपुर से नकली नोट लाकर अपने नेटवर्क के जरिए बाजार में खपाता था। आयुष मीणा भी इन नोटों को बाजार में



खुद और छोटे बच्चो के जरिये बाजार में चलता था। लेकिन पुलिस की इसकी भनक लगने पर जब आयुष मीणा बाजार में नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस को शक हुआ और कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी आयुष मीणा को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है, ताकि पूरे नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों का खुलासा किया जा सके। वहीं मुख्य सप्लायर कुलदीप गुर्जर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का मानना है कि यह एक संगठित गिरोह है, जो लंबे समय से नकली नोटों का कारोबार कर रहा था। अब पुलिस पूरे रैकेट की जड़ तक पहुंचने में जुटी है।

# नारकोटिक्सविभाग ने 9600 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (ष्ट्रक्ह) जयपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इंस्पेक्टर रंजेश शुक्ला के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में प्रतिबंधित ड्रग्स ट्रामाडोल के 9600 कैप्सूल बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-148 पर मालगवास के समीप नाकाबंदी कर एक बोलेरो वाहन को रुकवाया, जो दौसा से जयपुर की ओर जा रहा था। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए।मामले में पुलिस ने अलवर जिले के पीपली की ढाणी निवासी आरोपी विजय



सैनी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा ड्रग्स की सप्लाई के संबंध में अहम जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है।सीबीएन टीम ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए हैं।इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### जयपुर में महिला ने काटा युवक का प्राइवेट पार्ट

## घर मिलने आने पर की जबरदस्ती, विरोध में ब्लेड से किया हमला

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में महिला द्वारा युवक का प्राइवेट पार्ट काटने का मामला सामने आया है। महिला से उसके घर मिलने आने पर परिचित युवक ने जबरदस्ती रेप करने कोशिश की। महिला ने विरोध कर ब्लेड से युवक पर कातिलाना हमला किया। घायल युवक को स्रूस्र हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से स्रद्धक्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया- जयपुर की रहने वाली 33 साल की महिला ने शनिवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। शिकायत में बताया कि एक युवक पानी पीने के बहाने उसके घर में घुस गया। युवक ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को महिला के घर युवक लहूलुहान हालत में मिला। प्राइवेट पार्ट और गले पर ब्लेड से वार किया हुआ था। पुलिस ने घायल युवक को तुरंत स्रूस्र हॉस्पिटल में एडमिट करवाया।

**एक महीने पहले हुई थी शादी**

पुलिस जांच में सामने आया कि साल-2017 से दोनों एक-दूसरे के परिचित है। शाम को आरोपी युवक मिलने के लिए महिला के घर आया था। महिला का आरोप है कि घर में अकेला पाकर आरोपी युवक ने महिला के साथ जबरदस्ती रेप करने की कोशिश की। विरोध कर उसने ब्लैड से प्राइवेट पार्ट और गले पर वार किया। वहीं, आरोपी युवक की एक महीने पहले ही शादी हुई है। हॉस्पिटल में एडमिट युवक ने कातिलाना हमला करने की शिकायत दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रेप और हत्या के प्रयास को लेकर स्रद्धक्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जयपुर हाईवे पर सरसों तेल से भरा टैंकर पलटा

# जमीन पर बह गया हजारों लीटर ऑयल, बर्तन लेकर भरने पहुंचे लोगों की भीड़ लग गई

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** अलवर-जयपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार देर रात नटनी का बारा के पास सरसों तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर में भरा हजारों लीटर तेल सड़क किनारे बह गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। हादसे में ड्राइवर और उसका साथी सुरक्षित बच गए। हादसा नीलगाय को बचाने के प्रयास में हुआ। जानकारी के अनुसार ड्राइवर भागचंद मनोहरपुर से सरसों का तेल भरकर अलवर स्थित एक निजी कंपनी के लिए रवाना हुआ था। देर रात जब टैंकर नटनी का बारा के आगे मोड़ पर पहुंचा, तभी अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। उसे बचाने के प्रयास में टैंकर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। **तेल भरने के लिए बर्तन लेकर दौड़ पड़े लोग** हादसे के बाद टैंकर में भरा तेल तेजी से बाहर निकलकर आसपास की जमीन पर फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। कुछ लोग बर्तनों और पीपों में तेल भरकर ले जाने लगे, जिससे घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। **पुलिस ने भीड़ को हटाया** सूचना पर अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। साथ ही यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई। हादसे में ड्राइवर भागचंद को मामूली चोटें आईं, जबकि उसका साथी पूरी तरह सुरक्षित है। **तेल बहने से मालिक को भारी नुकसान** ड्राइवर ने बताया कि टैंकर में भरा अधिकांश सरसों का तेल बह जाने से वाहन मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर वाहन मालिक भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे के इस हिस्से में वन्यजीवों की आवाजाही अक्सर रहती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में वन्यजीव चेतावनी संकेतक लगाने और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।



### शुक्रवार दोपहर को श्रीडूंगरगढ़ में छाई काली पीली आंधी

## पीछे बरसे बादल गिरे ओले, जनजीवन अस्त व्यस्त

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार को नौतपा 6ठें दिन शनिवार को नौतपा पूरी तरह से ठंडा हो गया है। चूरू बीकानेर क्षेत्र में भयंकर तेज रेत के बवंडर ने हर गांव को घेर लिया और जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। दोपहर करीब सवा तीन बजे क्षेत्र में काली पीली आंधी छा गई और दोपहर में ही रात सा अंधेरा छा गया। तेज हवाओं से नुकसान भी हुआ जिसका आंकलन किए जाने में समय लगेगा। अंधड़ से ऐसा अंधेरा छाया कि सोलर लाइटें जल उठी। लोगों ने घरों की खिड़कियां दरवाजे बंद किए। दुकानों के शटर डाउन करने पड़े और हाइवे पर वाहनों की गति थम गई। तेज अंधड़ के बाद तेज हवा के साथ अच्छी बरसात हुई है। श्रीडूंगरगढ़ की उत्तरादी दिशा में चने के आकार के ओले भी गिरे। क्षेत्र में सरदारशहर व लूणकरणकर की ओर से आए अंधड़ पूरे उपखंड क्षेत्र में छा गया। गांव आड़सर, लिखमादेसर, सुरजनसर, लोढ़ेरा, जालबसर, पूनरासर, गुसाईंसर बड़ा, श्रीडूंगरगढ़, बिग्गा, बिग्गाबास रामसरा, कितासर बीदावतान, जैसलसर, अभयसिंहपुरा, हेमासर, रीड़ी, बाना, कल्याणसर, देराजसर तक पूरे अंचल में तेज अंधड़ ने सताया। गांव धनेरू में बरसात के साथ ओले गिरे। वहीं हल्की बरसात ने खूब राहत दी है। शाम को तेज ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आ गई और अंचल में नौतपा की गर्मी जैसे ठंडी हो गई है। दो स्थानों पर लगी आग पहुंची दमकल, कथा पांडाल का टैंट फटा तेज अधंड के दौरान ही मोमासर बास में जोशी अस्पताल के पीछे एक घर में आग लगी। यहां तेज अंधड़ में अलर्ट नगरपालिका की दमकल तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। उसी समय झंवर बस स्टैंड पर एक फैक्ट्री के बाहर पड़े पाइपों में आग लग गई। आग खुले में लगी थी और हवा के तेज रूख के साथ बढ़ने लगी। कुछ ही देर में यहां दमकल पहुंच गई और बरसात भी शुरू हो गई। आग पर काबू पा लिया गया। दोनों ही स्थानों पर बहुत अधिक नुकसान नहीं होना बताया गया। सेवा समिति ने जारी किए नबंर, घायल पंछियों की आप भी करें मदद। तेज हवाओं से दर्जनों पंछी और घोसलें पेड़ों से गिरे होंगे और इन घायल हुए पशु पक्षियों के लिए सेवा समिति ने आपातकाल नबंर जारी किए है। समिति अध्यक्ष जतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पूरे अंचल में कहीं भी कोई घायल पशु पक्षी नजर आए तो आमजन सेवा समिति को 8455818181 नबंर पर संपर्क कर सूचना दे सकते है। जिससे समिति वाहन द्वारा उनका रेस्क्यू कर घायलों जीवों का उपचार करवाया जा सकें। समिति अध्यक्ष ने पशु पक्षियों की मदद का आग्रह किया है।



### चौमूं में 13 वीसीआर भरी, लाखों का जुर्माना लगाया

## जयपुर डिस्कॉम ने शहर व आसपास के क्षेत्रों में की कार्रवाई

**चौमूं (हुक्मनामा समाचार)।** चौमूं में जयपुर डिस्कॉम की टीम ने शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की गई, जिसमें 13 वीसीआर भरी गईं और संबंधित उपभोक्ताओं पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई अधिशासी अभियंता जीएल गुप्ता के निर्देश पर सहायक अभियंता आशीष गुप्ता और कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र दायमा के नेतृत्व में गठित टीम ने की। अभियान के तहत दूल्हेसिंह की ढाणी, देवपुरा, मदीना कॉलोनी और रूपामालण की ढाणी सहित विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कनेक्शनों की जांच की गई। जांच के दौरान कई स्थानों पर उपभोक्ता सीधे लाइन डालकर या अन्य अवैध तरीकों से बिजली का उपयोग करते पाए गए। डिस्कॉम की टीम ने मौके पर ही ऐसे अवैध कनेक्शन हटाए और नियमानुसार वीसीआर भरकर जुर्माना निर्धारित किया। अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी से निगम को आर्थिक नुकसान होता है और विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित होती है। विभाग लगातार विशेष अभियान चलाकर बिजली चोरी रोकने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करने की अपील की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विकसित लूणकरणसर की दिशा में बढ़े कदम

## खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने किए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर करोड़ों रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। बामनवाली में नव निर्मित लाइब्रेरी के लोकार्पण अवसर पर गोदारा ने कहा कि 'विकसित लूणकरणसर, शिक्षित लूणकरणसर' हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही क्षेत्र के विकास का सबसे मजबूत आधार है और युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। **क्षेत्र में हो रहा अभूतपूर्व विकास कार्य** डूडीवाली, शुभलाई और डेलाना बड़ा में विद्यालयों के नए कक्षों तथा स्कूल भवनों के शिलान्यास एवं लोकार्पण अवसर पर खाद्य मंत्री ने कहा कि गत ढाई वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया गया है, नए कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में निवेश भविष्य के सशक्त समाज का निर्माण करता है। **स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम आदमी की हुई पहुंच** लखावर और खोखराना में उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के शिलान्यास एवं लोकार्पण अवसर पर गोदारा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। नए स्वास्थ्य केंद्रों से आसपास के गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा तथा स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी। **सड़क, बिजली और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार** विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में गोदारा ने कहा कि लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में पिछले ढाई वर्षों के दौरान विकास कार्यों को नई गति मिली है। क्षेत्र में बीस से अधिक नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं, विद्युत तंत्र को मजबूत किया गया है तथा सड़कों का व्यापक जाल बिछाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली है।

## जसरासर पुलिस की कार्रवाईः 46 पव्वे अवैध

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में जसरासर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 46 पव्वे लॉयन ब्रांड देशी सादा मदिरा बरामद की है। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से कट्टा छोड़कर फरार हो गया, जिसकी पहचान हिमटसर निवासी डालाराम के रूप में की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी बालाजी कॉलोनी के पास अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर आरोपी झाडियों का फायदा उठाकर भाग निकला।

# सांसद खेल उत्सव कैंप का आगाज, भाग ले रहे 600 खिलाड़ी

**कोटपुतली बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में सांसद खेल उत्सव के तहत समर कैंप का आगाज हुआ. इसमें 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, देश के युवा विभिन्न खेलों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं. कैंप में प्रशिक्षण से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरेगी।

इस मौके पर खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ तथा वन मंत्री संजय शर्मा मौजूद थे. केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि आज का युवा पहले की तुलना में अधिक जागरूक, प्रतिभाशाली और मेहनती है. सांसद खेल उत्सव का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है. यादव ने बताया कि खेल उत्सव के दूसरे चरण में 600 खिलाड़ियों का चयन किया है. इनको विभिन्न खेलों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे ताकि भविष्य के लिए बेहतर तैयार हो सकें. उन्होंने विश्वास जताया कि इनमें कई खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाएंगे. खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि केंद्रीय मंत्री यादव का युवाओं को खेलों से जोड़ने का अभियान प्रशंसनीय है।

सांसद खेल उत्सव से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है. इस आयोजन में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं. राठौड़ ने युवाओं को जीवन में कभी हार नहीं मानने का संदेश दिया. राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2030 या 2036 में भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी करे. यह सपना साकार होता है तो देश के युवाओं को विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मिलेगा।



# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना सदर थाना क्षेत्र के पिदावली गांव में शनिवार दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे चले और जमकर पथराव हुआ, जिसमें एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में बयाना उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, गांव पिदावली निवासी गोविंद जाटव और ताराचंद जाटव के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार को इसी पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। इस दौरान पत्थरबाजी भी हुई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। झड़प में गोविंद सिंह, फूलसिंह, नवलदेई और राजेश जाटव घायल हुए हैं। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल बयाना अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। सदर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को अस्पताल और घटनास्थल पर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों की शिकायत और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर लौटीं कृति, तनिषा और कोमल

# थोरासी की तीन बेटियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल में बिखेरा दमखम, गांव में हुआ भव्य स्वागत

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे किसी से कम नहीं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थोरासी की तीन प्रतिभाशाली छात्राओं — कृति कंवर, तनिषा शर्मा और कोमल कंवर — ने 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया। पांडुचेरी में आयोजित इस प्रतियोगिता से लौटने पर ग्रामीणों ने तीनों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। डीडवाना में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान राजस्थान टीम की घोषणा हुई थी, जिसमें थोरासी की इन तीन खिलाड़ियों ने जगह बनाकर विद्यालय, गांव और पूरे जिले का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण फेनिन और कोच दीप सिंह सूबेदार ने बताया कि कृति कंवर विद्यालय स्तर की गोल्ड मेडलिस्ट हैं, कोमल कंवर पूर्व में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं, जबकि तनिषा शर्मा कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं।




गांव पहुंचने पर तीनों बेटियों का अभिभावकों, विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह सफलता क्षेत्र की अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। पूरे गांव में खुशी का माहौल है और सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों ने पुलिस थाने में की शिकायत

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** विदेश भेजने के नाम पर शेखावाटी अंचल के करीब पांच दर्जन से अधिक लोग धोखाधड़ी के शिकार हो गए। एजेंट ने इन लोगों से करीब दो करोड़ रुपए ले लिए। अब ये लोग अपने रुपए वापिस दिलाने के लिए नेताओं एवं पुलिस थाना के चक्कर लगा रहे हैं। क्षेत्र के निवासी विनोद कुमार, रघुनाथपुरा निवासी गौरीशंकर ऐचरा एवं सरदारशहर निवासी मोहम्मद सलीम सहित कई लोगों ने बताया कि शहर के उम्मेद खान एवं राकेश कुमार ने इनसे विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए लिए। विदेश भेजते समय एजेंट द्वारा जो काम इन्हें बताया गया था, न तो वह काम मिला और न वेतन मिला।

टूरिस्ट वीजा देकर इन लोगों को विदेश भेज दिया गया, जिसके बदले लाखों रुपए भी ले लिए। एजेंट को कुछ राशि ऑनलाइन, तो कुछ राशि नकद के रूप में दी गई है। विदेश में फंसने के बाद इन लोगों ने परिजनों से टिकट के रूपए मंगवाकर पुनः स्वदेश लौटे तथा एजेंट पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए दिए गए रुपए मांगे, जिस पर एजेंट द्वारा कुछ




लोगों को चैक दिए गए हैं, तो कुछ लोगों को शीघ्र ही रुपए लौटाने का आश्वासन दिया गया है। अब ये लोग न तो घर पर मिलते हैं और न ही ऑफिस में। परेशान होकर धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों ने पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि से भी गुहार लगाई है तथा पुलिस में भी लिखित शिकायत दी है।

### खातेदारी के खेत में पक्का रास्ता बनाना चाहता क्रेसर मालिक, विरोध करने पर फायरिंग की बात भी आई सामने

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर थाना क्षेत्र के क्रेसर जोन में खेत पर कब्जा करने की नीयत से पहुंचे क्रेशर मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण पर फायरिंग करने की बात बताई जा रही है। आरोप है कि क्रेशर मालिक ने पक्का रास्ता बनवाने के लिए ग्रामीण के खेत पर निर्माण सामाग्री डाली थी, इसका ग्रामीण ने विरोध किया तो उस पर फायरिंग की गई।क्रेशर मालिक के साथियों ने ग्रामीणों को पीटने के लिए लाठी डंडे निकाल लिये। गाँव घाटरी निवासी श्योदान सिंह ने पुलिस में प्राथमिकी देते हुए बताया कि गांव में खसरा नंबर 195 और 196 में मेरा खेत है। मेरे खेत में करीब 50 से 60 डंपर खनन सामग्री डाल दी। जब श्योदान सिंह को पता लगा तो, वह अपने खेत पर गया। वहां पर 25 से 30 लोग हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मौजूद थे। मेरे खेत पर जाते ही हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लोगों ने मेरे ऊपर फायर किए। फायर करने वाले लोगों क्रेशर का मालिक विजय और उसके साथी थे। मेरे शोर मचाने पर, ग्रामीण मौके पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्योदान सिंह के खेत के पास विजय सिंह निवासी काचोपा हरियाणा घाटरी गांव में क्रेशर लगा रहा है। वह क्रेशर का रास्ता निकालने के लिए श्योदान सिंह की जमीन पर कब्जा करना चाहता है। उसने पक्का रास्ता बनाने के लिए श्योदान सिंह की जमीन निर्माण सामग्री डलवाई थी, जिसका श्योदान सिंह ने विरोध किया।

# शैक्षिक भ्रमण के लि आठ स्काउटर-गाइडर का चयन

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर के वार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-26 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन स्काउटर-गाइडर शैक्षिक भ्रमण का आयोजन मनाली में किया जाएगा। यह भ्रमण 6 जून से 10 जून 2026 तक आयोजित होगा। इस शैक्षिक भ्रमण के लिए स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा से आठ सदस्यों का चयन किया गया है। चयनित सदस्यों में राजेंद्र प्रसाद मील (सहायक जिला कमिश्नर स्काउट), किशनलाल सियाक (एएलटी), महेश कुमार (सचिव), अलिताब धोबी (सहायक सचिव), सरोज लॉयल (जिला कमिश्नर बुलबुल), प्रेम पावड़िया (गाइडर), रोशन ढेबानिया (स्काउटर) तथा मुकेश कुमार भुकर शामिल हैं। इन सभी सदस्यों का चयन राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं सेवाओं के आधार पर किया गया है। शैक्षिक भ्रमण दल मनाली में प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय स्थलों का अध्ययन करेगा तथा प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर यात्रा-वृत्तांतों का संकलन करेगा। भ्रमण के दौरान दल स्थानीय जनजीवन, रहन-सहन, खान-पान, कार्यशैली, रोजगार, भाषा, पहनावा एवं शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त करेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी प्रतिभागी 11 जून 2026 को वापस लौटेंगे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत आज जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के अंतर्गत 31 मई को जिलेभर में विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जन-जागरूकता, जल संरक्षण एवं स्वच्छता से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रमों के तहत रविवार, 31 मई को पंचायती राज विभाग एवं खेल विभाग द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा प्रभात फेरियां, साइकिल रैलियां तथा जन-जागरूकता रैलियां आयोजित की जाएंगी। वहीं पुलिस, सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों द्वारा चिन्हित स्थलों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। अभियान के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बावड़ियों एवं जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई, पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था तथा पक्षियों के लिए परिंडे बांधने जैसे जनहितकारी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य करवाकर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि अमृत 2.0 के अंतर्गत संचालित कार्यों का अवलोकन एवं लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा जल संरचनाओं के रख-रखाव एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 'नो प्लास्टिक डे' के तहत प्लास्टिक कचरे का चिन्हित स्थलों पर संग्रहण एवं निष्पादन किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पतालों एवं प्रमुख चौराहों पर 'वंदे गंगा जल सेवा' कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

### विधायक हरलाल सहारण ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

# गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं : सहारण

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** सर्दी व गर्मी में मशहूर राजस्थान का चूरू जिला इन दिनों भीषण गर्मी व लू के आगोश में हैं। यहां वर्तमान में पारा 46 डिग्री पार पहुंच गया। आमजन इन रेतीले धोरों के कारण गर्म हवाओं के बीच जीवन यापन करने को मजबूर हैं। गर्मी की इस भयावता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं कि यहां की सड़कों पर पापड़ भी सिक जाते हैं। ऐसे में गर्मी की इस भीषणता को देखते हुए चूरू में भामाशाह आगे आ रहे हैं। इसीक्रम में शनिवार को सर्राफ फाउंडेशन बेंगलुरु के श्यामसुंदर सर्राफ के आर्थिक सौजन्य से व पीपुल यूनिटी संस्था के अध्यक्ष रघुनाथ खेमका की प्रेरणा से पुरानी सड़क स्थित जी.के. मॉल के पास आमजन के लिए एक वाटर कूलर और आरो मशीन लगायी गई। वाटर कूलर का उद्घाटन शनिवार को विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सहारण ने कहा कि इस गर्मी में प्यासे को ठंडा पानी पिलाने से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। सचिव इंजी. सुरेश शर्मा ने भामाशाहों को ऐसे कार्य करने के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर अभिषेक चोटिया, सुनील ढ़ाका, दयाराम, मुकेश शर्मा, टी.सी. सर्राफ, मोहन भालेरीवाला, सत्यवीर बेनीवाल, महमूद मोयल, हिदायत खान, सुनील, शंकर आदि उपस्थित थे।




## एक नजर

### टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित




**बीदासर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे की गोवर्द्धन प्रसाद टांटिया राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच एवं उपचार से सम्बंधित जानकारीयां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री संतोष मेघवाल, रतनगढ के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश, अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेन्द्र घोषल्या, लोकेश शर्मा, भाजपा जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, गोपाल प्रजापत, मनोज पारीक, नर्सिंग ऑफिसर मनमोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### दिन में हो गया अंधेरा, अंधेरा होने के कारण वाहनों की थमी रफ्तार



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जनपद में आज शनिवार दोपहर मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली कि दिन में ही अंधेरा छा गया। तेज धूल भरी आंधी और धूल के विशाल बवंडरों ने पूरे आसमान को ढक लिया, जिससे कुछ देर के लिए हालात रात जैसे नजर आने लगे। दोपहर करीब दो बजे उठी तेज आंधी के कारण दृश्यता काफी कम हो गई। सड़कों पर चल रहे वाहनों की रफ्तार थम गई और वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग धूल और तेज हवाओं से बचने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। आंधी के दौरान कई स्थानों पर पेड़-पौधों और बिजली लाइनों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। भीषण गर्मी से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों को मौसम परिवर्तन से राहत तो मिली, लेकिन धूल भरी आंधी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया।

### बाड़मेर पुलिस का डबल एक्शन हथियार तस्कर और साइबर ठगों के मददगार गिरफ्तार

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर पुलिस ने अवैध हथियारों और साइबर अपराध के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाइयों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने महाबार पुलिया बाईपास पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार का पीछा कर जयसिंह राजपूत और प्रवीणसिंह राजपूत को दबोचा। तलाशी में उनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल, मैग्जीन और एक जिंदा कारतूस बरामद कर वाहन जब्त किया गया। गिरफ्तार जयसिंह हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत बाड़मेर ग्रामीण पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तीन युवकों—प्रकाश मेघवाल, शंकराराम मेघवाल और रमेश कुमार जाट—को गिरफ्तार किया। आरोपी मामूली कमीशन के बदले अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक और सिम कार्ड साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र उदयपुर पुलिस ने होटल पर मारा छापा, 4 तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उदयपुर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत वल्लभनगर स्थित श्रीराम होटल पर छापेमारी कर चार अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध ऑटोमेटिक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, 22 ग्राम अफीम तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी स्विफ्ट कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में बाड़मेर के मोहनलाल उर्फ मुन्ना और हुकमाराम सारण तथा पंजाब के जसविंदर सिंह और कुलदीप सिंह शामिल हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी डोडा चूरा की बड़ी खेप के सौदे से जुड़े थे। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक राजेश मेनारिया के पास से 20.44 लाख रुपये नकद और भूमि संबंधी दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज कर तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

### खनिज माफियाओं पर बारां पुलिस का बड़ा प्रहार, 42 वाहन-मशीनें जब्त

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में अवैध बजरी और खनिज खनन के खिलाफ बारां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 पोकलेन मशीनें, 5 जेसीबी, 29 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 डम्पर, 1 मोटरसाइकिल और 2 नावें सहित कुल 42 वाहन-मशीनें जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार की निगरानी में गठित चार विशेष टीमों ने मांगरोल, किशनगंज और सीसवाली क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। पार्वती नदी के मुण्डिया, बालुन्दा और सुरताक घाटों पर अवैध खनन करते वाहन पकड़े गए। किशनगंज में भी अवैध खनन पर कार्रवाई की गई, जबकि सीसवाली के पापड़ली गांव में अवैध बजरी स्टॉक पर ?29,600 का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट खनन एवं परिवहन विभाग को भेज दी है।

### देश की तरक्की, अमन व भाईचारे के लिए सामूहिक दुआ ख्वाजा सिद्दीकी का 112 वां उर्स 2 जून को

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** मोहल्ला नारवान स्थित आस्ताना आलिया मुफ्ती-ए-शरियत, शाहे विलायत ख्वाजा गुल मुहम्मद सिद्दीकी अल चिश्ती का 112वां उर्स मंगलवार, 2 जून को धूमधाम व शरई तरीके से मनाया जाएगा। यह जानकारी दरगाह के मुतवली सज्जादानशीन पीर सूफी मौलाना कारी हाफिज मंजूर सिद्दीकी ने दी।उर्स की शुरुआत सुबह कुरानखानी से होगी। इसके बाद नमाज-ए-असर के बाद मजार-ए-अक्दस पर नारा-ए-तकबीर, रिसालत और दुरूद शरीफ पढ़ते हुए चादर पेश की जाएगी। अकीदतमंदों की ओर से ख्वाजा साहब के मजार पर गुलाब जल, इत्र से गुस्ल दिया जाएगा तथा संदल और फूल नजर किए जाएंगे।नमाज-ए-मगरिब के बाद जिक्र-ए-इलाही की मजलिस होगी। नमाज-ए-ईशा के बाद मौलानाओं द्वारा इंसानियत और ख्वाजा गुल मुहम्मद सिद्दीकी की जिंदगी में दी गई तालीम पर चलने के तरीके पर बयान दिया जाएगा।

**राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन का नवम महाधिवेशन**

अमृत 2.0 के तहत प्रदेश में चल रहे 11 हजार 560 करोड़ के काम

## भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहें कार्मिक, जन सेवा को बनाएं ध्येय

# ईमानदारी और पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान-भजनलाल शर्मा



**मुख्यमंत्री ने किया कर्मचारी कल्याण स्मारिका का विमोचन**



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने में कार्मिकों की अहम भूमिका है। ईमानदारी और पारदर्शिता से किया गया कार्य ही सुशासन की पहचान बनता है। इसलिए जनता को समय पर सेवाएं देकर कार्य संस्कृति को मजबूत बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्मिक अपनी सेवा में पूर्ण शुचिता को अपनाएं और भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहकर जन सेवा के ध्येय को और अधिक मजबूत बनाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर के आरआईसी में आयोजित राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' के मूलमंत्र पर चलते हुए हमने 103 अधिकारियों को निलंबित किया है, 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 अन्य प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाएं शहर की पहचान होती हैं।प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में नगरपालिका कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो हर समय जनता की सेवा में जुटे रहते हैं।उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त किया, वहीं 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में उदयपुर 13वें स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश के शहरों को स्वच्छता में देश में अग्रणी बनाने के लक्ष्य के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन की पहल देश में आज जन आंदोलन बन चुकी है। इस अभियान के माध्यम से लोगों की स्वच्छता की आदतों में बदलाव आया है। वहीं, घर-घर में शौचालय बनवाकर हमारी माता-बहनों के जीवन को एक गरिमा प्रदान की गई है। साथ ही, शहरों में अच्छे बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट सिटी मिशन प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में जल संचय-जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सशक्त बनाने के क्रम में राज्य में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसके साथ ही हमारी सरकार ने हरियालो राजस्थान अभियान में अभी तक प्रदेशभर में लगभग 20 करोड़ पौधे लगाए हैं औरइस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार चंदन वन भी विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से ऊर्जा की बचत और मितव्ययिता को अपनाने का आह्वान किया है, जिसमें हम सभी अपना सहयोग दे रहे हैं। मुख्यमंत्री कहा कि राज्य सरकार तकनीक, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ते हुए स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहरों के निर्माण के लिए कार्य कर रही है।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

### 27 अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। विभागीय आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव राकेश शर्मा द्वारा जारी आदेशों के तहत विभाग के 27 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन किए गए हैं।

यह बदलाव प्रशासनिक कारणों से तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, जनसंपर्क अधिकारी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा वरिष्ठ सहायकों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए गए हैं। इस फेरबदल में कई अधिकारियों को मुख्यालय, मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, राजस्थान संवाद, पुलिस मुख्यालय, सूचना केंद्र तथा विभिन्न विभागों और जिला कार्यालयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्थानांतरण सूची में प्रमुख रूप से रजनीश शर्मा को साहित्य शाखा से क्षेत्र प्रचार शाखा, तरुण जैन को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, ओटाराम चौधरी को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा विजय खंडेलवाल को मुख्यालय स्थित ईएनजी शाखा में पदस्थापित किया गया है। वहीं पूनम खंडेलवाल को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ से सोशल मीडिया शाखा और हेत प्रकाश शर्मा को राजस्थान संवाद में जिम्मेदारी दी गई है।



## डोटासरा और टीकाराम जूली ने फारकिया गांव में 120 श्रमिकों के साथ किया कार्य

**सुनीं मजदूरों की समस्याएं**

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिकर्ष के नेता टीकाराम जूली ने शनिवार सुबह अजमेर जिले के फारकिया गांव में मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों के साथ श्रमदान कर मजदूरों की समस्याएं सुनीं। कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ गांव कानपुरा में रात्रि विश्राम के बाद डोटासरा सुबह फारकिया पहुंचे, जहां उन्होंने करीब 120 मनरेगा श्रमिकों के साथ काम किया और उनके जीवन, संघर्ष तथा आजीविका से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया। डोटासरा ने कहा कि श्रमिकों के हाथों के छाले केवल मेहनत का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि देश के निर्माण और विकास की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मजदूर अपने श्रम से गांव, समाज और देश का भविष्य गढ़ते हैं और उनके योगदान को सम्मान मिलना चाहिए। मनरेगा कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों से बातचीत करते हुए डोटासरा ने उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को कांग्रेस पार्टी हर मंच पर मजबूती से उठाएगी और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।



**भीषण सड़क हादसा**

## ट्रक और ऑल्टो की टक्कर, 4 लोगों की मौत

**नागौर ( हुक्मनामा समाचार )।** रिंग रोड पर बासनी पुलिया के पास शनिवार को कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. बेकाबू ट्रक और ऑल्टो कार की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. हादसे में कार सवार दो महिलाओं, एक पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई. मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है, लेकिन उनके जोधपुर के होने की आशंका जताई जा रही है। सदर थाना एसएचओ सुरेश कंस्वा ने बताया कि हादसे में कार सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी है. सभी के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है. मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है, हुलिए और नंबरों के आधार पर उनके जोधपुर निवासी होने की संभावना है।

## अलवर में सवारियों से भरी रोडवेज बस पलटी, कई यात्री हुए घायल

**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुरा गांव में एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गई. दुर्घटना में कई यात्री घायल हो गए. घटना की सूचना पर अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अलवर जिला अस्पताल भिजवाया. दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस अलवर से जयपुर की ओर जा रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि शनिवार को अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बस पलटने की सूचना मिली. तुरंत अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

**प्रदेश में डी—रेग्यूलेशन फेज—1 की मासिक प्रगति रिपोर्ट जारी**

## राज निवेश पोर्टल पर एक माह में 6 हजार 103 आवेदनों को त्वरित मंजूरी

# राजस्थान में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का बढ़ता ग्राफ

*आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी बढ़ रहा निवेशकों का रूझान*

*मुख्यसचिव कार्यालय के स्तर से हो रही है 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' की सघन मॉनिटरिंग*

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देते हुए 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' के तहत विकसित राजस्थान और राइजिंग राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। राज निवेश पोर्टल एवं निरंतर सुधारात्मक प्रयासों के जरिए प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के तौर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

मुख्य सचिव कार्यालय के तहत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा जारी अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में राज निवेश पोर्टल पर 67.7 प्रतिशत की स्वीकृति दर से प्राप्त 9 हजार 10 आवेदनों में से 6 हजार 103 की स्वीकृति के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान प्रदेश में जयपुर जिले का प्रदर्शन सबसे अव्वल रहा है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं के सरलीकरण, आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे है, जिनके अनवरत सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज निवेश पोर्टल के माध्यम से राज्य के प्रमुख निवेश केंद्रों के साथ-साथ छोटे जिलों में भी व्यापक स्तर पर प्रकरणों का निस्तारण और स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। 'इंवेस्टर फ्रैंडली एप्रोच' के साथ सतत संपर्क, समन्वय और विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन की बदौलत राजस्थान 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' में अनवरत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव कार्यालय के अंतर्गत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा तैयार प्रदेश में निवेश प्रस्तावों के संदर्भ में मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है।

**प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ा निवेशकों का रूझान**-रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल माह में प्रदेश में आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी विभिन्न जिलों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो राजस्थान में क्षेत्रीय विविधीकरण तथा निवेश अवसरों के विस्तार का संकेत है। सेक्टरवाइज प्रगति को देखा जाए तो पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में सर्वाधिक प्रस्तावित निवेश दर्ज किया गया, जिसमें जयपुर, उदयपुर, पाली, राजसमंद, सीकर एवं अन्य जिलों का प्रमुख योगदान रहा। इसके अतिरिक्त अलवर एवं कोटपूतली-बहरोड़ में इंजीनियरिंग, विभिन्न जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा, अजमेर एवं भीलवाड़ा में वेस्ट मैनेजमेंट तथा जोधपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी निवेश रुचि परिलक्षित हुई।

### प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों की उल्लेखनीय सहभागिता

प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में राज्य में कुल आवेदन एवं स्वीकृतियों में जयपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य स्तरीय प्रगति में राज निवेश पोर्टल पर कुल 9 हजार 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6 हजार 103 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस प्रकार माह के दौरान प्रदेश की स्वीकृति दर 67.7 प्रतिशत रही। जिला-वार प्रदर्शन में जयपुर अग्रणी जिला रहा, जहां 1 हजार 932 आवेदन प्राप्त हुए तथा 1 हजार 351 आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त जोधपुर, सीकर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, हनुमानगढ़, अलवर, चूरू और भीलवाड़ा जैसे प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों ने भी राज निवेश पोर्टल पर उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज की है। इसके अतिरिक्त प्रमुख जिलों में कोटा और हनुमानगढ़ में उच्च निस्तारण दक्षता प्रदर्शित करते हुए क्रमशः लगभग 83.8 प्रतिशत और 82.5 प्रतिशत की स्वीकृति दर की उपलब्धि हासिल की है। वहीं बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, टोंक, उदयपुर और जालोर जिलों में 70 प्रतिशत से अधिक स्वीकृति दर दर्ज की गई, जो जिलों की प्रशासनिक दक्षता तथा सेवा वितरण में सुधार को रेखांकित करती है।

## डूंगरपुर में पकड़ा गया 1.74 करोड़ का अवैध सोना

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस विभाग की जिला विशेष टीम (डीएसटी) और बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे-48 पर सोने की तस्करी के खिलाफ एक बहुत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक कार से 1 किलो 77 ग्राम और 840 मिलीग्राम अवैध सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत करीब 1 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने इस मामले में कार सवार तीन युवकों को डिटेन किया है। डूंगरपुर जिले के एसपी मनीष कुमार ने बताया कि डीएसटी को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के बाद एनएच-48 पर स्थित लेहना घाटी में नाकेबंदी की गई थी।

## तीन जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने शनिवार को घोषणा की कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार 3 जून को कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह बेंगलुरु स्थित लोक भवन के ग्लास हाउस में आयोजित किया जाएगा। यह घोषणा शनिवार शाम 4 बजे होने वाली कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक से पहले की गई। पार्टी कार्यालय में आयोजित संयुक्त आपात प्रेस वार्ता में केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जी. सी. चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी ने समारोह को सादगीपूर्ण रखने और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने का निर्णय लिया है।

## सराहनीय सेवाओं के लिए 123 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को मिलेगा डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पुलिस मुख्यालय ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, प्रशासन, खुफिया कार्यों, साइबर अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 123 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को 'महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' प्रदान करने की घोषणा की है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्तर से लेकर कांस्टेबल तक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पुलिस मुख्यालय के स्थायी आदेश 2/2016 के तहत यह सम्मान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। चयन समिति की अनुशंसा पर विभिन्न रेंज, जिलों एवं इकाइयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इस वर्ष कुल 123 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का चयन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (एडीजी, आईजी और डीआईजी रैंक) सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एचजीआर सुहास, महानिरीक्षक पुलिस राजेंद्र सिंह (द्वितीय बार), राहुल प्रकाश (तृतीय बार), परिस देशमुख,

उप महानिरीक्षक पुलिस जय यादव (तृतीय बार), मनोज कुमार और शांतनु कुमार सिंह के नाम शामिल हैं, जिन्हें उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए इस प्रतिष्ठित पदक से नवाजा जा रहा है।


**पुलिस निरीक्षक रैंक :** जमीनी स्तर पर थानों की कमान संभालने वाले और विभिन्न पुलिस विंग्स में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले समर्पित पुलिस निरीक्षकों की सूची में देवेन्द्र सिंह (द्वितीय बार), भुटाराम (द्वितीय बार), विष्णु शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, सरोज बैरवा, चन्द्रभान सिंह, दिनेश सारण, लक्ष्मी कराड़िया, मनोज चौहान, प्रभुनारायण मीणा, पवन कुमार चौबे (द्वितीय बार), रमेश कविया, बलवन्त राम, अशोक बिश्नोई और रमेश चंद आर्य के नाम समाहित हैं।

### पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपायुक्त

फील्ड पुलिसिंग और जिला स्तर पर कप्तानी व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले अधिकारियों में सुमित मेहरडा, संजीव नैन, विकास सांगवान (तृतीय बार), अमित कुमार (द्वितीय बार), रतन सिंह, तेजस्वनी गौतम (तृतीय बार), बी. आदित्य, हरी शंकर, अनिल कुमार, दिगंत आनन्द (तृतीय बार), विशाल जांगिड और प्रवीण नायक नूनावत (द्वितीय बार) के नाम शामिल हैं, जिन्हें उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमताओं और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीजीपी डिस्क प्रदान की जा रही है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षक

**विधिक अनुसंधान, तकनीकी विंग और विभिन्न महत्वपूर्ण शाखाओं में प्रभावी कार्य करने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच, डॉ. राजीव पचार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल (द्वितीय बार), ललित किशोर शर्मा (द्वितीय बार), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीक्षा कामरा (तृतीय बार), अदिति कॉवत, भंवरलाल और सौरभ तिवारी के नाम शामिल हैं। इनके साथ ही सहायक पुलिस अधीक्षक अजेय सिंह राठौड, पंकज यादव, हरिशंकर शर्मा, सोन चन्द वर्मा, सहायक निदेशक अभियोजन भंवर कुलदीप राठौड, पुलिस उप अधीक्षक और वृत्ताधिकारी के रूप में डॉ0 पूनम, मनीष शर्मा, हर्षराज सिंह और राजावत प्रेम कुमार को भी इस सम्मान के लिए चुना गया है।**



## विनेश फोगाट ने करीबी मुकाबले में निशु को 7-6 से हराया

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट ने शनिवार को नई दिल्ली में एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। विनेश ने एक कड़े क्वार्टरफाइनल में निशु को 7-6 से हराया। विश्व चैंपियनशिप की पूर्व पदक विजेता को अपने क्वार्टरफाइनल में निशु के रूप में एक ज्यादा कड़े प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा। अपने पहले मैच के विपरीत, यह मुकाबला शुरू से आखिर तक कांटे का रहा।

## राजस्थान-किसानों ने रेलवे ट्रैक रोका, गेहूं खरीद को लेकर आंदोलन

**हनुमानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में शनिवार को किसानों का आंदोलन उग्र हो गया। हजारों किसान करीब एक घंटे तक बीकानेर-हनुमानगढ़ ट्रैक पर बैठे रहे। दोपहर में प्रशासन से सहमति के बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। दरअसल, गेहूं खरीद की तारीख बढ़ाने और लक्ष्य बढ़ाने की मांग को लेकर 2 दिन से किसान आंदोलन पर थे। वे उपखंड अधिकारी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए थे।

# बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाएं, अधिकांश सीसीटीवी बंद, सचिव नाराज

## स्वयं सिद्धा आश्रम निरीक्षण, वृद्धजन खुद धो रहे कपड़े

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खैरथल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजीत कुडी ने शनिवार को स्वयं सिद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और देखभाल से जुड़ी कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिस पर सचिव ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

**वृद्धजनों से की बातचीत, जानी समस्याएं** क्षयह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल के अध्यक्ष शैलेंद्र व्यास के निर्देश पर किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम की मूलभूत सुविधाओं, रसोई व्यवस्था, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा प्रबंधों और अभिलेखों की जांच की गई। आश्रम में सात से आठ वृद्धजन निवास करते मिले, जिनसे सचिव ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी ली। **बिना डॉक्टर की सलाह के दी जा रही थीं दवाइयां** निरीक्षण में सबसे गंभीर मामला स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा सामने आया। आश्रम में वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टरों की विजिट नहीं हो रही थी। वहीं बीमार बुजुर्गों को बिना किसी चिकित्सकीय परामर्श या लिखित प्रिस्क्रिप्शन के दवाइयां दी जा रही थीं।

सचिव अजीत कुडी ने इसे वृद्धजनों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही बताते हुए ऐसी व्यवस्था को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए।

**अधिकांश सीसीटीवी कैमरे मिले बंद** आश्रम की सुरक्षा व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। परिसर में लगाए गए अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए और केवल दो कैमरे ही कार्यरत थे। सचिव ने इसे सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर कमी मानते हुए सभी कैमरों को तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए।




## प्यासा सीकरः 4 जून को जलदाय विभाग के घेराव का ऐलान यमुना का पानी अटकलों में

### हर बूंद के लिए तरसती जनता करेगी प्रदर्शन

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सीकर जिले में बढ़ती पेयजल संकट को लेकर 4 जून को अधीक्षण अभियंता, जलदाय विभाग (सांवली रोड, सीकर) के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के जिला महासचिव सागर खाचरिया ने बताया कि राज्य सरकार और प्रशासन की उदासीनता के चलते जनता पानी-पानी को त्रस्त है। खाचरिया ने कहा कि सीकर जिला 80 प्रतिशत से अधिक सूखा प्रभावित है—पानी पत्थरों के नीचे चला गया है, जबकि शेष 20 फीसदी हिस्से में भी हालात बेहाल हैं। केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कार्यक्रम नहीं बनाया गया है। **यमुना का पानी:** केवल वादों का सागर सागर खाचरिया ने कटाक्ष करते हुए कहा—'मुख्यमंत्री पिछले दो वर्षों में 12 बार सीकर आए, हर बार यमुना के पानी का वादा किया, लेकिन अब तक एक बूंद भी नहीं आई।' राज्य का यमुना जल में हिस्सा अब तक मिलना संभव नहीं हो सका है। विभाग की लापरवाही से बेहाल हैं गांव-मोहल्ले जलदाय विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण: कहीं पानी की टंकियाँ नहीं भरी जा रहीं,कहीं पाइपलाइन लीकेज से बह रहा पानी, कहीं बोरवेल सूखे पड़े हैं, जिन्हें गहरा नहीं करवाया जा रहा। गांव-गांव में जनता से मिल रहे नेता, 4 को होगा विभाग घेराव किसान सभा के कार्यकर्ता गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों की समस्याएँ सुन रहे हैं। 4 जून को सभी प्रभावित नागरिक जलदाय विभाग के सामने धरना देकर अपनी-अपनी समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखेंगे।

## नंगो नाले की पुलिया निर्माण पर उठे सवाल

# ग्रामीण युवाओं ने लगाया घटिया सामग्री उपयोग का आरोप

**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के निकट नंगो नाले पर निर्माणाधीन पुलिया कार्य को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीण युवाओं का आरोप है कि पुलिया निर्माण में मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

ग्रामीणों को सूचना मिलने पर कुछ युवा निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां उपयोग में ली जा रही सामग्री का निरीक्षण किया। युवाओं का कहना है कि निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही बजरी में मिट्टी की मात्रा अधिक दिखाई दी, जबकि कुछ सामग्री स्थानीय स्तर से ही उठाकर काम में ली जा रही थी। इससे निर्माण की मजबूती को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। युवाओं ने निर्माण कंपनी और ठेकेदार पर गुणवत्ता से समझौता करने का आरोप लगाते



हुए मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी धन से बनने वाले निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इधर, मामले को लेकर जब संबंधित जेईएन से जानकारी ली गई तो उन्होंने विस्तृत जवाब देने से परहेज किया और उच्च अधिकारियों के स्तर पर जानकारी उपलब्ध होने की बात कही। ग्रामीण युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई और खामियां दूर नहीं की गईं तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## सैलून संघ के हुए चुनाव संपन्न



**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सेन समाज के निर्माणाधीन भवन के सभागार में रतनगढ़ सैलून संघ के चुनाव करवाए गए।

इस अवसर पर शांतिलाल भूरा भाटी (मोनू) अध्यक्ष पद के लिए व सुनील कुमार फूलभाटि को सचिव पद के लिए सर्व समिति से निर्वाचित किया गया। बैठक में भवन निर्माण पर भी विचार किया गया। बैठक में हरिप्रसाद हर्षवाल व सेन समाज अध्यक्ष सत्यनारायण हर्षवाल, विजय कुमार भूरा भाटी, कोषाध्यक्ष गोविंद प्रसाद गहलोत, किशनलाल हर्षवाल, रूकमानंद चौहान, अनिल अजमेरिया, राकेश तंवर, तुलसीराम भाटी, रविकांत भूराभाटी, सुरेंद्र कुमार भूराभाटी, कमल कुमार भूराभाटी, श्याम सुंदर तंवर सहित सैलून संघ व सेन समाज के गणमान्यजन उपस्थित थे।

## गर्मी से राहत के लिए नौ तपा में क्लब ने पिलाया ठंडा शरबत

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नौतपा के दौरान आमजन को गर्मी से राहत के लिए लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट द्वारा स्थानीय घंटाघर के पास नीबू ओर केरी के शरबत का कैंप लगाकर राहगीरो को पिलाया। नौतपा के दौरान मौसम विभाग द्वारा जारी अत्यधिक गर्मी की संभावना को देखते हुए क्लब द्वारा कैंप लगाकर राहगीरो की सेवा की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ ओम प्रकाश गोदारा ने बताया कि क्लब के सेवा कार्यों के दौरान क्लब वरिष्ठ सदस्य सांवरमल तोषावड़ के सुझाव से भामाशाहों के सहयोग से घंटाघर के पास मीठे पानी का काउंटर लगाया गया है जिस से गर्मी के दौरान राहगीरों को राहत मिलेगी। कैंप के दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज जोशी को समाजसेवी संस्था श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष प्रदीप धर्ड ने जानकारी दी कि बढ़ती गर्मी की संभावना को देखते हुए क्लब द्वारा आगे भी ऐसे कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब के दौलत राम दायमा, मो अनवर कुरैशी, गिरधारीलाल बाजोरिया, डॉ हीरालाल सोनी, गोपाल बामनोलिया, भीमराज प्रजापत, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, एडवोकेट संजय कटारिया आदि उपस्थित रहे। रेवंतराम माली, मो जाफर ने स्वयं सेवी के रूप में सेवा प्रदान की।



### राइजन स्कूल का इनोवेटर समर कैंप संपन्न, बच्चों ने प्रदर्शित किए नवाचार और प्रतिभा के रंग

## रोबोटिक्स, कोडिंग, नेतृत्व और नवाचार से जुड़े प्रशिक्षण ने बच्चों में जगाई नई ऊर्जा

**पीलीबंगा (हुक्मनामा समाचार)।** राइजन ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संचालित राइजन स्कूल, पीलीबंगा में 18 मई से 30 मई तक आयोजित इनोवेटर समर कैंप का शनिवार को रंगारंग समापन समारोह के साथ समापन हुआ। बच्चों के वास्तविक कौशल विकास, आत्मविश्वास निर्माण एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को लेगो रोबोटिक्स, कॉमिक स्ट्रिप स्टोरी, मनोरंजक प्रयोगों के माध्यम से गणित, भारत राज्य परियोजना, वाणिज्यिक पिच, पाइथन कोडिंग, अंतरिक्ष अन्वेषण, बहस एवं नेतृत्व कौशल, खेल आधारित शिक्षण, संगीत, चित्रकला, अंग्रेजी भाषा कौशल, खेलकूद, योग तथा रोबोटिक्स सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। समापन समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान रोहतकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निजी शिक्षण संस्था अध्यक्ष भागीरथ सेन, एबीसीईओ रजनीश गोदारा, बार संघ अध्यक्ष दारा सिंह हुंदल, तरुण संघ अध्यक्ष अशोक खदरिया, भारत विकास परिषद अध्यक्ष सुशील गुप्ता, पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियंता सिमरन गुप्ता सहित पत्रकार राकेश आजाद, अशोक राजपुरोहित, नेमीचंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री सहित मंत्रीयों पर सांसद बेनीवाल की अभ्रद टिप्पणी,

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन,

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बा के श्री रमेश स्वामी पार्क के सामने शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर मंडल अध्यक्ष धीरज पाण्डेय के नेतृत्व में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद बेनीवाल द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उनके मंत्रीमण्डल के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की। शहर मंडल भाजपा अध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने कहा कि सांसद हनुमान बेनीवाल द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य मंत्रिमंडल के प्रति की गई टिप्पणी निंदनीय है। भाजपा कार्यकर्ता इस प्रकार की भाषा और व्यवहार का पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# पीएम श्री राबाउमावि पदमपुर में समाज सेवा, अभिरुचि व वंदे गंगा जल संरक्षण पर प्रदर्शनी का आयोजन

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अभिरुचि शिविर तथा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत छात्राओं द्वारा तैयार पोस्टर, मॉडल एवं अन्य रचनात्मक कृतियों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्य अतिथि परमानंद डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. नीना चावला ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओ के हुनर की प्रशंसा की , भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी तथा सहायक उप निरीक्षक गुरदेव सिंह व आरपी मयंक तिवारी आशीष तनेजा आत्मरक्षा प्रशिक्षक निर्मला चौधरी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पुष्पा पांडे ने की।

प्रदर्शनी में दिखी छात्राओं की प्रतिभा प्रदर्शनी में तीनों शिविरों के अंतर्गत छात्राओं द्वारा तैयार की गई कृतियों को प्रदर्शित किया गया। समाज सेवा शिविर के तहत स्वच्छता, नशामुक्ति और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर पोस्टर बनाए गए। पीएम श्री योजना अभिरुचि शिविर में छात्राओं ने सिलाई, ब्यूटी, पेंटिंग, मिट्टी कला और वेस्ट मैटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाकर अपनी हुनर का प्रदर्शन किया।

वहीं 'वंदे गंगा जल संरक्षण' थीम पर जल बचत, वर्षा जल संचयन, नदियों की स्वच्छता और जल ही जीवन है जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर, स्लोगन चार्ट और मॉडल प्रस्तुत किए गए।

अतिथियों ने किया प्रोत्साहित डॉ. नीना चावला ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्राओं के सर्वांगीण




विकास की योजना है।

आज की प्रदर्शनी इसका प्रमाण है। जल संरक्षण जैसे विषय पर छात्राओं की सोच देखकर लगता है कि भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

## सिकंदरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**सिकंदरा (हुक्मनामा समाचार)।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सिकंदरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 72 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत का माहौल है। दौसा पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित एवं मानपुर सीओ धर्मराज चौधरी के सुपरविजन में सिकंदरा थानाधिकारी अशोक चौधरी ने विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की पुलिस टीम ने लगातार दबिश, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी का सुराग लगाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग दुष्कर्म मामले मे फरार चल रहे आरोपी को एनसीआर इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी से गहन पूछताछ के बाद मामले से जुड़े कई पहलुओं का खुलासा हुआ ! **अशोक चौधरी थानाधिकारी सिकन्दरा का कहना** मामले को गंभीरता से लेते हुए गठित टीम व अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखा और पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय दिलाने का भरोसा दिया उन्होंने कहा कि क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार-सहारण

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान अंतर्गत ग्राम बूंटिया में हुआ कार्यक्रम



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को चूरू के निकटवर्ती ग्राम बूंटिया के रा.उ.मा. विद्यालय में जल पूजन व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम धीरज झाझड़िया ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभिषेक चोटिया थे। इस दौरान अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। बदलते पर्यावरण परिदृश्य में जल संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही प्रदेश सरकार के जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और इससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। उपखंड अधिकारी धीरज झाझड़िया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा वंदे गंगा अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रेरणा दी।

### एआई बूट कैंप का भव्य समापन

## विद्यार्थियों को मिले प्रमाणपत्र, कोडिंग की इवनिंग क्लासेस की घोषणा



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में लक्ष्मणगढ़ के प्रज्ञा पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एआई बूट कैंप का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनके सीखे गए तकनीकी कौशल की झलक पेश की गई। मुख्य अतिथि यूरो इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजर विकास चौधरी और अध्यक्षता स्कूल निदेशक राजेंद्र ताखर ने की। एआई बूट कैंप टीम से नमन वर्मा व रितिक पटेलजी विशेष रूप से उपस्थित रहे।विद्यार्थियों और अभिभावकों ने कैंप को भविष्य के लिए उपयोगी बताते हुए उत्साह व्यक्त किया। निदेशक राजेंद्र ताखर ने कहा कि एआई का भविष्य में अहम योगदान होगा, इसलिए स्कूल में कोडिंग की इवनिंग क्लासेस जल्द शुरू की जाएंगी। विकास चौधरी ने विद्यार्थियों को नई तकनीकें सीखने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर जिले की टॉपर एवं स्कूल की पूर्व छात्रा डॉल्फी जांगिड़ का सम्मान किया गया। उन्होंने एआई, साइबर सिक्योरिटी और कोडिंग के बढ़ते रोजगार अवसरों पर विचार साझा किए।प्रधानाचार्या नीरू टेलर ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस मौके पर मनोज ताखर, सुरेंद्र गढ़वाल, कनिका पारीक, प्रकाश जी, दिनेश जी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

### सरकार ने मांगे नहीं मानी तो रेलवे ट्रैक पर उतरे किसान

## 'रेल रोको' से झुका प्रशासन आठ लाख बैग उपलब्ध कराने और 10 जून तक पोर्टल पर दर्ज

**पीलीबंगा (हुक्मनामा समाचार)।** गेहूं खरीद की अवधि बढ़ाने और पर्याप्त बारदाना उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर पिछले कई दिनों से चल रहा किसान-मजदूर-व्यापारी संयुक्त मोर्चा का आंदोलन शनिवार को निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया। सरकार एवं प्रशासन की ओर से संतोषजनक समाधान नहीं मिलने पर हजारों किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और वे सभा के बाद पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। देखते ही देखते रेलवे लाइन पर करीब आधा किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बन गई और किसानों ने रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया। रेलवे ट्रैक पर किसानों के भारी जमावड़े से प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया। स्थिति ऐसी बन गई कि मौके पर मौजूद पुलिस बल किसानों की भीड़ के सामने बेबस नजर आया। किसानों ने ट्रैक पर बैठकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन की गंभीरता को देखते हुए जिला कलक्टर खुशाल यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर उमेदी लाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी, उपखंड अधिकारी उमा मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल और प्रशासन के बीच लंबी वार्ता का दौर चला।

## सीड बॉल्स कार्यशाला का आयोजन

# सीड बॉल्स की कार्यशाला में महिलाओं ने बनाई पांच सौ गेंद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजधानी के श्याम नगर स्थित लैंडमार्क ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट मेंशनिवार को सीड बॉल्स कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्थान की निदेशककुलदीप शर्मा ने बताया यह पौधारोपण का एक प्राचीन और बेहद प्रभावशाली तरीका है। कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं ने 500 सीड बॉल्स तैयार कर पर्यावरण संरक्षण की एक अनोखी मिसाल पेश की है। कार्यशाला में नीम की निमौली, पारिजात, पपीता, बील, शीशम, आम, जामुन, आमला आदि की सीड बॉल्स मुख्य रूप से बनाई गईं। उन्होंने बताया कि 'हमें इनको बनाने के लिए सिर्फ मेहनत की जरूरत होती है, खर्च नहीं लगता, क्योंकि जिन वस्तुओं का हम उपयोग कर रहे हैं, वह आसानी से घरों में मिल जाती है। इन्हें लगाने के बाद हम धरती को हरा भरा बना सकेंगे, जिससे हमें अच्छी हवा और सुंदर पर्यावरण मिल सकेगा सक्षम संस्थान की इस पर्यावरण संरक्षण और समृद्धि की पहल को सभी ने सराहा। सक्षम संस्थान की तरफ से सचिव ईवादीप सक्सेना, लैंडमार्क ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट से कुलदीप शर्मा ने सभी को किचिन वेस्ट की उपयोगिता तथा अपनी रसोई व आसपास के बीजों से सीड बॉल्स बनाने और उनकी उपयोगिता की जानकारी दी।

पिछले साल विभिन्न संस्थाओं के सहयोग लगभग 8 हज़ार सीड्स बॉल्स बनाई गई थी। इस वर्ष दस हज़ार सीड बॉल्स तैयार करने का लक्ष्य तय किया है।

सक्षम संस्थान की सचिव ईवादीप ने बताया कि कई स्कूल, कॉलेज, किट्टी क्लब, महिलाओं के समूह इस मुहिम में साथ जुड़ रहे हैं, जो भी संगठन से जुड़ने के इच्छुक है वो 9672999416 परा कॉल कर के जानकारी ले सकते हैं। कार्यशाला में लिनेस क्लब की



टीम भी जुड़ी तथा सभी ने कम से कम 100 बीज अपने अपने घरों में इकट्ठे करने का संकल्प लिया। लिनेस क्लब की अध्यक्षा विमला शर्मा, कोषाध्यक्ष सुमन शर्मा, सलाहकार सुशीला जैन, संस्था की पूर्व अध्यक्ष रतन सोगानी एवं समाज सेवी कोमल मेठवानी, पर्यावरण प्रेमी सदस्या वीना जैन एवं सिम्मी जी, पिहू राजावत व कोमल गुप्ता ने कार्यशाला में भाग लिया। प्रारम्भ में लैंडमार्क के डाइरेक्टर रविंद्र शर्मा ने स्वागत करते हुए आयोजन विषयक जानकारी दी।

# ग्रामीण विकास और स्वावलंबन के सशक्त माध्यम से महिलायें बन रही हैं आत्मनिर्भर

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** रा%य सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 ग्रामीण विकास और स्वावलंबन का सशक्त माध्यम बन रहा है। इस महाभियान के अंतर्गत जहां एक ओर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी अभूतपूर्व कदम उठाए जा रहे हैं। इसी सकारात्मक पहल के फलस्वरूप ग्रामीण महिलाएं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद से जुड़कर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।ऐसी ही एक प्रेरक और सफल कहानी डीग जिले के बहताना की निवासी रीना कुमारी सैनी की है। वन्दे गंगा अभियान के तहत ग्रामीण सशक्तीकरण की मुहिम से प्रेरित होकर किरण ने स्वयं को राजीविका से जोड़ा और आज वे ग्रामीण अंचल में वित्तीय साक्षरता की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुकी हैं। रीना ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपने गांव के ओम शांति राजीविका स्वयं सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य हैं और इसमें बीके के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके अतिरिक्त वे %योति राजीविका महिला ग्राम संगठन से भी जुड़ी हुई हैं जहां वे वीओए के दायित्व का निर्वहन कर रही हैं।

अपने कौशल विकास और आजीविका संवर्धन की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते हुए रीना ने राजीविका के माध्यम से बैंक सखी का विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस सघन प्रशिक्षण के उपरांत वर्तमान में वे एक बैंक सखी के रूप में कार्यरत हैं और दूरदराज के ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने का उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। रीना ने बताया कि बैंक सखी के पद पर कार्य करते हुए उन्हें हर स्तर पर सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ है। जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आर्थिक रूप से पूर्णतः आत्मनिर्भर हो गई हैं। अपनी इस उगेखनीय सफलता आर्थिक सुदृढ़ीकरण और आजीविका के नए एवं सम्मानजनक अवसर प्रदान करने के लिए उन्होंने राजस्थान सरकार और राजीविका का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### चिराना में दिनभर की गर्मी के बाद बारिशः शाम को चली तेज आंधी, कई जगह गिरे ओले, लोगों को गर्मी से मिली राहत



**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** चिराना में दिनभर की गर्मी के बाद बारिश हुई। चिराना और आसपास के क्षेत्रों में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हालांकि दिनभर की तपिश के बाद शाम को धूल भरी आंधी और बारिश से लोगों को राहत मिली। इन दिनों क्षेत्र का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जिसके कारण चिराना की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। लोग तेज धूप में बाहर निकलने से बच रहे हैं। दिनभर तेज गर्मी के बाद रात में चिराना, लोहार्गल और बागोरिया की ढाणी सहित आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। शनिवार को भी दोपहर तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा, लेकिन शाम होते-होते तेज धूल भरी आंधी और बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया, जिससे गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम ने मोबाइल पर अलर्ट संदेश भेजकर लोगों को सावधान किया था।

### नंगली ओझा चारागाह में जल चौपाल आयोजित, जल संरक्षण का दिया संदेश

## जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में बढ़ा वंदे गंगा अभियान, ग्रामीणों ने किया श्रमदान



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिलेभर में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नंगली ओझा स्थित चारागाह विकास कार्यस्थल पर जल चौपाल, श्रमदान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जल चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। चारागाह क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा निर्मित जोहड़ में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। ग्राम में निकाली गई प्रभात फेरी के माध्यम से जल बचाओ और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। अधिशासी अभियंता छत्रपाल यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पक्षियों के लिए परिंदे लगाए गए तथा आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रमों की तैयारी के तहत गड्ढे खोदे गए। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और वर्षा जल संचयन को अपनाने का आह्वान किया गया। अभियान के तहत पंचायत समिति किशनगढ़ बास के नांगल मोहम्मदपुर तथा पंचायत समिति तिजारा की ग्राम पंचायत नाखनौल में भी विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में पूर्ण किए गए 75 कार्यों का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया।

## मंत्री बिना रुके निकले

### किसानों हुए आक्रोशित -नहर से पानी चोरी को लेकर घंटों इंतजार करते रहे किसान-ज्ञापन भी नहीं ले पाए मंत्री गोदारा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के महाजन क्षेत्र में कंवरसेन लिफ्ट नहर से लगातार हो रही पानी चोरी को लेकर किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में किसान मेहराना प्याऊ के पास एकत्रित हुए। किसान कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को ज्ञापन सौंपकर नहर में हो रही पानी चोरी पर रोक लगाने और किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने की मांग करने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार महाजन क्षेत्र से गुजरने वाली कंवरसेन लिफ्ट नहर से इन दिनों लगातार पानी चोरी हो रही है। इससे मोखमपुरा, घेसुरा और रामबाग सहित आसपास के गांवों के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है लगातार पानी चोरी होने से नहर में पानी का स्तर घट रह और टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। इसके चलते र प्रभावित हो रही है तथा फसलों को नुकसान उठाना पड़ रहा। कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम से पहले ही सैकड़ों किसान राष्ट्रीय राजमार्ग-62 स्थित मेहराना फांटे पर पहुंच गए थे। किसान पानी चोरी सहित अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने का इंतजार करते रहे, लेकिन मंत्री का काफिला बिना रुके ही निकल गया। इससे किसानों में और अधिक रोष फैल गया। रामबाग के किसान विनोद गोदारा ने बताया कि करीब डेढ़ सौ से दो सौ किसान लंबे समय तक मंत्री के इंतजार में खड़े रहे, लेकिन मंत्री बिना रुके चले गए। किसानों ने इसे अपनी समस्याओं की अनदेखी बताते हुए नाराजगी जताई।

### ससुराल से बेटी लापता, सदमे के कारण मां की मौत

## 3 बच्चों को छोड़कर चली गई;15 दिन पहले ही हुई थी दूसरी बेटी की शादी

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** के एमआईए थाना इलाके में 17 अप्रैल को 25 साल की महिला तीन बच्चों को छोड़कर गांव के किसी युवक के साथ चली गई। इस सदमे के कारण महिला के पीहर में शुक्रवार रात को 50 साल की मां की मौत हो गई। हालांकि, 15 दिन पहले ही मृतका की दूसरी बेटी की शादी भी हो हुई है। शनिवार दोपहर को महिला के अंतिम संस्कार के बाद लोग एमआईए थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने दो दिन का समय मांगा है। लोगों ने कहा कि युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी 17 अप्रैल को ही दे दी गई थी, लेकिन पुलिस के अब तक हाथ खाली है। फिलहाल पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है। 17 अप्रैल से महिला गायब, पुलिस के हाथ खाली गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि गांव से 25 साल की महिला 17 अप्रैल से गायब है, जो किसी युवक के साथ चली गई। पुलिस को उसी दिन से रिपोर्ट दे रखी है। लेकिन अब तक महिला को वापस लाने के कोई प्रयास नहीं किए गए। इधर, सदमे के कारण उसकी मां की मौत हो गई। मृतक महिला के 4 बेटी और एक बेटा है, जिनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

## लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है पत्रकारिता, चुनौतियों के बीच विश्वसनीयता जरूरी-सुराणा



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शनिवार को चूरू जिला मुख्यालय पर सूचना केंद्र में हिंदी पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम, एपीआरओ मनीष कुमार, वरिष्ठ पत्रकार देवराज लाटा, किशन उपाध्याय सहित अनेक पत्रकारों ने शिरकत कर हिंदी पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति व चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। हिंदी पत्रकारिता ने लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज जब सोशल मीडिया, एआई आदि सूचना के अनेक माध्यम उपलब्ध हैं, तब पत्रकारिता के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपनी विश्वसनीयता और निष्पक्षता को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजीटल युग में पत्रकारिता के सामने विश्वसनीयता बनाए रखने और फेक न्यूज जैसी चुनौतियों से निपटने की आवश्यकता है। इसलिए प्रमाणिकता अत्यंत आवश्यक हो है। पत्रकारिता क्षेत्र में समसामयिकता और उन्नयन के लिए नियमित अध्ययन पहली कड़ी है। इसलिए किताबें पढ़ें और समसामयिक विषयों पर पकड़ रखें। समाज का अधिकांश वर्ग हिन्दी भाषी है, इसलिए हिन्दी पत्रकारिता में प्रासंगिक विषयों पर तार्किकता, समयबद्धता, विश्लेषण और तथ्यपरकता अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि पत्रकार समाज की आवश्यकताओं को पहचानने और जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

### दौसा शहर में रात भर बरपा आसमान से कहर अंधड़ में उड़ गए टीन टप्पर

# बिजली के पोल व धराशाही हुए ट्रांसफार्मर, दर्जनों कालोनियां में 36 घंटो से बिजली गुल

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले में नौतपा के दौरान जहां आमतौर पर आसमान से आग बरसती है, वहीं इस बार मौसम ने अचानक करवट लेकर लोगों को हैरान कर दिया। शुक्रवार शाम से देर रात तक चली तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने एक ओर जहां गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर भारी नुकसान भी पहुंचाया।तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने शहर और ग्रामीण इलाकों में जमकर कहर बरपाया। कई स्थानों पर बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर धराशायी हो गए, जबकि अनेक मकानों की टीन-चद्दरें उड़ गईं। सबसे बड़ा नुकसान लालसोट बाईपास पुलिया क्षेत्र में देखने को मिला, जहां 220 केवी हाईटेंशन लाइन का पोल गिर गया। इससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।शहर की दर्जनों कॉलोनियां रातभर अंधेरे में डूबी रहीं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं लालसोट बाईपास पुलिया पर हाईटेंशन तार गिरने के चलते कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस ने पूरी रात मोर्चा संभाले रखा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिया से गुजरने वाले वाहनों को रोका गया और वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया।इसी दौरान मिडवे के सामने एक ट्रांसफार्मर पोल सहित गिर गया। गनीमत यह रही कि पास स्थित मकान इस हादसे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंधी का असर व्यापक रहा, जहां बड़ी संख्या में बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली विभाग की टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं, लेकिन हालात सामान्य होने में अभी समय लग सकता है। तब तक लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है।हालांकि, इस तबाही के बीच राहत की बात यह रही कि बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली।

नौतपा के बीच बदले इस मौसम ने लोगों को गर्मी से तो राहत दी, लेकिन अपने पीछे नुकसान की लंबी फेहरिस्त भी छोड़ गया।

## जिला बारबर एसोसियेशन की बैठक सम्पन्न

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला बारवर एसोसियेशन की बैठक अध्यक्ष चरन सिंह पीरनगर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन महामंत्री हरिओम खैमरा ने किया। बैठक में बाल विवाह पर रोक लगाने पर सर्व सम्मति से निर्णय हुआ और समाज को शिक्षा की ओर बढावा देने पर जोर दिया गया तथा समाज को एकजुट होकर आगे बढने का फैसला लिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिगम्बर सिंह, महामंत्री हरिओम खैमरा, कोषाध्यक्ष संतोष, महेश उवार, मान सिंह उवार, बॉबी ठाकुर, सुनील, करन सिंह, विजेन्द्र शाद, साहब सिंह, टीटू, छोटू भवनपुरा, अशोक, पंकज, हरवीर, गोविन्द, भूदेव, राहुल, संजीव, निरपत, सुनील बरसो, राहुल संजय नगर, दिनेश, सुरेश, अभिषेक, राकेश आदि बडी संख्या में व्यक्ति मौजूद रहे।

### बांदीकुई से ठिकरिया जा रहा था टेम्पो चालक से बदमाशो ने 2 लाख की नकदी और टेम्पो लूटकर फरार



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र से शुक्रवार देर रात एक सनसनीखेज लूट और अपहरण की वारदात सामने आई है। कार सवार चार बदमाशों ने टेम्पो चालक को बंधक बनाकर न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि करीब 2 लाख रुपये की नकदी और टेम्पो लूटकर फरार हो गए।जानकारी के अनुसार चालक बांदीकुई से सामान लेकर ठिकरिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान झाड्या का बास स्थित सरकारी स्कूल के पास कार में सवार बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया। अचानक हुए इस हमले से चालक संभल भी नहीं पाया और बदमाशों ने उसे जबरन बंधक बनाकर टेम्पो सहित अगवा कर लिया।बताया जा रहा है कि बदमाशों ने चालक के साथ मारपीट भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक को रात करीब 12 बजे बाणगंगा नदी के पूंदरपाड़ा क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग बांदीकुई थाने पहुंच गए और पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करने लगे। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### झूलते तारों से टकराया ट्रक,-आग लगी-ड्राईवर झुलसा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार दोपहर को आए रेत के बवंडर से कई स्थानों पर नुकसान की खबरें सामने आई है। कहीं बिजली पोल टूट गए तो कहीं किसी की झोपड़ी उड़ गई। कई स्थानों पर पेड़ टूट गए तो कुछ स्थानों टीनशेड उडने के सामाचार भी मिले है। इसी तरह नोखा क्षेत्र में झूलते बिजली के तार एक खड़े ट्रक से टकरा गए, जिससे हादसा हो गया। ट्रक में आग लग गई, गनीमत रही कि ट्रक ड्राईवर ने कूदकर अपनी जान बचा ली। हालांकि वह आग से झुलस गया, जिसे राहगीरों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा बीकासर गांव में हुआ, जहां बवंडर के समय एक ट्रक बिजली की तारों से टकरा गया। जिससे ट्रक में आग लग गई। ट्रक में ड्राईवर बाड़मेर निवासी श्रीराम था, जो आग की चपेट में आने से झुलस गया। गनीमत रही कि समय रहते वह ट्रक से बाहर निकल गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और ट्रक में लगी आग पर काबू पाया।

## आर्यसमाज में आयोजित दिव्य जीवन निर्माण शिविर का भव्य समापन



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती बलिदान शताब्दी के पावन वर्ष के अवसर पर बालक व बालिकाओं के लिए आर्यसमाज बयाना द्वारा आयोजित दिनांक 23 मई से चल रहे दिव्य जीवन निर्माण शिविरों का भव्य समापन समारोह लक्ष्मी पैलेस में दिनांक 30 मई को संपन्न किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पार्षद कमल आर्य, मुख्य अतिथि कुसुमलता बंसल अरौदा वाले, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र सोलंकी, सतीश सिंघल; विदुषी आचार्या हेमलता शास्त्री एवं आचार्या दीपा आर्या उपस्थित रहे। दिव्य जीवन निर्माण शिविरों में 200 से भी अधिक बालक बालिकाओं ने निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया। व्यायाम शिक्षक निहाल आर्य, पारस आर्य, केशव आर्य, हिमांशु आर्य के संचालन में सभी बालक व बालिकाओं ने लकड़ी मल्लखम्भ, बॉक्सिंग, काते, तलवार, गटका चक्र, आसन स्तूप आदि का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। आर्यवीरांगनाओं द्वारा स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के जीवन की झलकियों पर एक नाटिका की प्रस्तुति की सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। बौद्धिक, शारीरिक व मंत्रपाठ प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक व बालिकाओं को साहित्य भेंट कर पुरस्कृत किया गया। आचार्य रविशंकर आर्य ने अपने उद्बोधन में युवाओं को वीर, साहसी बनने का आह्वान किया। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति के बुराई आ जाए तो भी वह अपनी दृढ़ संकल्प शक्ति के द्वारा अपने जीवन को सही दिशा दे सकता है, इसलिए ऐसे शिविरों का आयोजन आर्यसमाज बयाना द्वारा किया जाता है। मंच का संचालन सुनयना आर्या एवं प्रदीप आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दामोदर लाल आर्य, धर्मेंद्र आर्य, दयानंद आर्य, कैलाश आर्य, राजेश गोयल, बिरजू आर्य, आनंद आर्य,सोमवती आर्या, सुशीला देवी, लक्ष्मी गुप्ता,गीता आर्या,राधा सिंघल,शालू सिंघल, मुक्ता आर्या, भावना आर्या,सुषमा सिंघल आदि आर्यजन एवं अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

### पेयजल लाइन में जुड़े थे 160 स्स्के अवैध पाइपःउनियारा ब्लॉक में 6 कनेक्शन हटाए; टूटी लाइनों को किया रिपेयर

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** टोंक के उनियारा इलाके में पेयजल की लाइन में पानी चुराने वालों ने 160 एमएम के पाइप अवैध तरीके से जोड़ रखे थे। इसका असर इलाके के जल कनेक्शन वालों पर पड़ रहा था। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 6 कनेक्शन हटाए और टूटी लाइन रिपेयर की। विभाग के ड्डश्वह्र आकाशदीप सिंह गुर्जर ने बताया- विभाग परियोजना खंड टोंक की ओर से लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वितरण लाइनों में लगे अवैध कनेक्शन हटा रहे हैं। इससे आमजन को राहत मिल रही है। शनिवार को भी उनियारा ब्लॉक की मोर झालना की झोपड़िया व घोड़ों की झोपड़िया गांवों में 6 कनेक्शन हटाए। कनेक्शन हटाकर रिपेयर की लाइन ड्डश्वह्र आकाशदीप सिंह गुर्जर ने बताया- शनिवार को सहायक अभियंता धर्मराज मीणा के नेतृत्व में टीम ने उनियारा ब्लॉक में यह कार्रवाई की। अवैध कनेक्शन करने वालों ने जो लाइन तोड़ दी थी उसे रिपेयर कर पानी की सप्लाई सुचारु करा दी है। टीम ने इन अवैध कनेक्शनों की पहचान करने के लिए पड़ताल की है। अब इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा ताकि भविष्य में ये लोग दोबारा ऐसा काम न करें। विभाग ने ऐसा करने वालों को साफ चेतावनी दी है कि अगर अवैध कनेक्शन दोबारा हुआ तो थाने में एफआईआर कराएंगे।